केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

मालवा हेराल्ड

सुविचार

अहंकार सत्य को स्वीकार नहीं करता... और सत्य को जानने वाला कभी अहंकार नहीं करता...!

वर्ष 13 अंक 272 | उज्जैन, शुक्रवार 17 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

न्यूज ब्रीफ

अरुणाचल प्रदेश में सेना का चीता हेलीकॉप्टर क्रैश, पायटल की तलाश को सर्च अभियान शुरू

नई दिल्ली/जीएनएस। भारतीय सेना का एक चीता हेलीकॉप्टर गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश के बोमडिला क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि चीता हेलीकॉप्टर ने सुबह अरुणाचल प्रदेश के बोमडिला से उड़ान भरी थी। उन्होंने बताया कि सुबह नौ बज कर 15 मिनट पर हेलीकॉप्टर का संपर्क हवाई नियंत्रण कक्ष से टूट गया। हेलीकॉप्टर के पायलट के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। यह बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर पश्चिमी बोमडिला में मांडला के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के सयम हेलीकॉप्टर में पायटल और को-पायलट थे। हेलीकॉप्टर का पता लगाने के लिए खोजी दलों को तैनात किया गया

उद्धव ठाकरे गुट को एक और झटका, शिंदे कैंप में शामिल हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दीपक सावंत

मुम्बई/जीएनएस। उद्धव ठाकरे गुट को एक और झटका लगा है। उनके कैंप के जाने-माने नेता और राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दीपक सावंत, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गये। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि उनके अनुभव से पार्टी और सरकार को लाभ मिलेगा। बीएमसी चुनाव से पहले इसे एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। बता दें कि शिवसेना की कमान शिंदे के हाथ में जाने के बाद उद्धव कैंप को लगातार झटके लग रहे हैं। इससे पहले सोमवार को उद्धव ठाकरे के करीबी नेता सुभाष देसाई के बेटे भूषण ने भी शिवसेना का दामन थाम लिया था।चुनाव आयोग ने पहले ही शिवसेना का नाम और चुनाव चिह्न एकनाथ गुट को दे दिया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। शिंदे बनाम उद्धव विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ में चल रही सुनवाई आठवें दिन यानी बुधवार को भी पूरी नहीं हो सकी। अब ये सुनवाई गुरुवार यानी 6 मार्च को जारी रहेगी।
सुनवाई में कोर्ट ने इस बात पर सवाल उठाया कि अगर शिंदे कैंप के विधायकों को उद्धव के कांग्रेस-एनसीपी से गठबंधन पर एतराज था तो वह 3 साल तक सरकार के साथ क्यों रहे। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड ने कहा कि अचानक से 34 लोगों कहने लगते हैं कि यह सही नहीं है।

देवेन्द्र फड़नवीस की पत्नी ने डिजाइनर के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

मुंबई/जीएनएस। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता ने अनिक्षा नाम की एक डिजाइनर के खिलाफ मुंबई पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें अनीक्षा पर उन्हें धमकाने, उनके खिलाफ साजिश रचने और 1 करोड़ रुपये की रिश्वत देने का आरोप लगाया गया है। अमृता ने अपनी पुलिस शिकायत में कहा है कि अनीक्षा 16 महीने से अधिक समय से उसके संपर्क में थी और कुछ अवसरों पर उसके घर आती थी।मुंबई के मालाबार हिल पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, अनिक्षा ने कथित तौर पर अमृता फडणवीस को कुछ सटोरियों के बारे में जानकारी देने की पेशकश की, जिसके माध्यम से वे पैसा कमा सकते थे और फिर अपने पिता को एक पुलिस मामले में फंसाने के लिए सीधे 1 करोड़ रुपये की पेशकश की। पुलिस ने अंशिका और उसके पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।हालांकि मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

भाजपा के 'विजय संकल्प रथ यात्रा' में शामिल हुए शिवराज सिंह चौहान

बोले-हम फिर से बनाएंगे सरकार

बंगलुरू/जीएनएस। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि विजय संकल्प यात्रा में चल रही जनता की आँखों में विश्वास, दिल में जोश और मोदी जी के प्रति सम्मान था। मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूँ कि यह यात्रा भाजपा को विजय दिलाएगी। हम फिर से सरकार बनाएंगे।

कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विजयनगर में विजय संकल्प रथ यात्रा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा किएक गौरवशाली भारत, एक संपूर्ण भारत, एक समृद्ध भारत और एक शक्तिशाली भारत का निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि हम अपनी तरफ से किसी को छेड़ेंगे नहीं लेकिन किसी ने भी मेरे देश को छेड़ा तो हम छोड़ेंगे नहीं। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि विजय संकल्प यात्रा में चल रही जनता की आँखों में विश्वास, दिल में जोश और मोदी जी के प्रति सम्मान था। मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूँ कि यह यात्रा भाजपा को विजय दिलाएगी। हम फिर से सरकार बनाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत का सौभाग्य है कि एक ऐसे व्यक्ति देश के प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने भारत के नवनिर्माण के लिए अवतार लिया है। वर्ष 2014 के पहले कांग्रेस की सरकार थी, भारत का कोई मान-सम्मान नहीं था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग कहते हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी लेकिन प्रधानमंत्री देश तथा कर्नाटक के दिल में बसे हैं। पूरा देश और कर्नाटक कह रहा है कि मोदी तेरा कमल खिलेगा। भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार ने कर्नाटक की तस्वीर तथा तकदीर दोनों बदली है और कर्नाटक को चारों दिशाओं में प्रगति के पथ पर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खड़गे का अपमान किया। छत्तीसगढ़ में बुजुर्ग खड़गे जी धूप में खड़े रहे और कांग्रेसियों ने छाता मैडम सोनिया गांधी जी के सर पर तान दिया। यह कर्नाटक का अपमान है।

लंदन के विवादित बयानों पर राहुल गांधी की सफाई, 'मैंने देश के खिलाफ कुछ नहीं बोला'

लंदन/जीएनएस। राहुल गांधी थोड़ी देर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अ पना पक्ष रखेंगे। इससे पहले बीती रात विदेश से लौटने के बाद राहुल गांधी गुरुवार दोपहर संसद पहुंचे। राहुल ने अपनी सफाई में कहा है कि उन्होंने देश के खिलाफ कुछ नहीं बोला है। राहुल ने साफ किया कि यदि लोकसभा स्पीकर उन्हें अनुमति देंगे तो वो सदन में जरूर इस पर अपनी बात रखेंगे।इस बीच, संसद में गुरुवार को भी हंगामा हुआ। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का आरोप है कि सरकार संसद नहीं चलने दे रही है। मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए मंत्री ही हंगामा कर रहे हैं।

राहुल गांधी के आचरण की विशेष समिति से जांच की मांग-इससे पहले विदेशी मंच से भारतीय लोकतंत्र पर सवाल खड़ा करने के मुद्दे पर भाजपा राहुल गांधी को चौतरफा घेरने लगी है। अदाणी मुद्दे पर बिना साक्ष्य ही राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाने का मामला पहले ही विशेषाधिकार समिति के समक्ष है।अब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर शिकायत की है कि जिस तरह कैंब्रिज में भारत के लोकतंत्र और संसद पर सवाल उठाया गया और यूरोप व अमेरिका से हस्तक्षेप की बात कही गई, वह किसी भी भारतीय और खासकर सांसद के आचरण पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

ईडी के सामने पेश नहीं हुईं बीआरएस की नेता कविता, न्यायालय में लंबित मामले का दिया हवाला

नई दिल्ली/जीएनएस। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता उच्चतम न्यायालय में लंबित याचिका का हवाला देते हुए दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुईं। उच्चतम न्यायालय में लंबित याचिका में उन्होंने ईडी द्वारा जारी समन को चुनौती देते हुए गिरफ्तारी से संरक्षण का अनुरोध किया है। तेलंगाना विधान परिषद की सदस्य तथा राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता ने अपना अधिकृत प्रतिनिधि (बीआरएस का एक पदाधिकारी) भेजा, जिन्होंने मामले के जांच अधिकारी को उनके लेनदेन के बारे में छह पृष्ठ का प्रतिवेदन, बैंक स्टेटमेंट, व्यक्तिगत व व्यावसायिक विवरण प्रदान किया। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में ईडी के समन को चुनौती देने और गिरफ्तारी से संरक्षण की मांग करने वाली कविता की याचिका पर 24 मार्च को सुनवाई करने पर सहमति जताई थी।

युवती की मौत पर हंगामा, गोलीबारी और पथराव में एक युवक की मौत, 20 पुलिस कर्मचारी घायल

इंदौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के बडगोंदा थाना क्षेत्र की डोंगरगांव पुलिस चौकी में एक युवती की मौत को लेकर जमकर हंगामा हुआ। इस बीच पथराव और गोलीबारी की घटना में एक युवक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया, वहीं पथराव की घटना में लगभग 20 पुलिस कर्मचारी घायल हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भगवंत बिरदे ने बताया कि कविता (22) नाम की एक युवती की करंट लगने से मौत हो गई थी। परिजनों की हत्या की आशंका पर यदुनंदन पाटीदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया था और उसे पुलिस अभिरक्षा में ले

लिया गया। इस बीच कल शाम परिजन डोंगरगांव पुलिस चौकी शव लेकर पहुंचे और आरोपी को ग्रामीणों के हवाले किए जाने को लेकर हंगामा शुरू कर दिया।

एसपी बिरदे ने बताया कि गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिसके बचाव में पुलिस ने हवाई फायर किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की ओर से भी फायरिंग की गई थी। इस घटना में भेरूलाल (18) की गोली लगने से मौत हो गई और एक अन्य युवक संजू (संजय) गोली लगने से घायल हो गया। वहीं, पथराव की घटना में लगभग 20 पुलिस कर्मचारी घायल हो गए। इस घटना में बडगोंदा थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर भी घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसपी ने बताया कि गोली लगने से मृत युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, वहीं घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मृत युवक को ग्रामीणों की गोली लगी या पुलिस की यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

टीवी पर इंटरव्यू देख लॉरेंस बिश्नोई की फैन हुई दो लड़कियां, घर से झूठ बोलकर मिलने पहुंची जेल

नई दिल्ली/जीएनएस। हाल ही में कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने एक टीवी चैनल को इंटरव्यू दिया है। टीवी पर गैंगस्ट का इंटरव्यू देखने के बाद दिल्ली की दो नाबालिग लड़कियों में लॉरेंस बिश्नोई से मिलने का ऐसा क्रेज चढ़ा की वह परिवार वालों को झूठ बोलकर उससे मिलने केंद्रीय जेल तक पहुंच गई। जेल तक पहुंची इन लड़कियों में एक 9वीं और एक 8वीं की छात्रा है। दोनों अपने परिजनों को अमृतसर जाने का कहकर दिल्ली की शकूर बस्ती से फाजिल्का की टिकट लेकर ट्रेन में बैठ गई और बठिंडा रेलवे स्टेशन पर उतर गई। इसके बाद ऑटो से दोनों लड़कियां केंद्रीय जेल तक पहुंच गई। इसके बाद दोनों जेल के बाहर की फोटो खींचने और सेल्फी लेने लगीं।

सेना को मिलेंगे कई घातक हथियार, सरकार ने 70 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को दी मंजूरी

नई दिल्ली/जीएनएस। सरकार ने सशस्त्र सेनाओं तथा तटरक्षक बल के लिए 70 हजार 500 करोड़ रुपए के खरीद प्रस्तावों को आज मंजूरी दे दी जिनमें ब्रह्मोस मिसाइल, बहुउद्देशीय हेलिकॉप्टरों और सुखोई लड़ाकू विमानों के लिए लंबी तक मार करने वाले हथियार शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद की गुरूवार को हुई बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इन सौदों के तहत तट रक्षक बल को हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड से उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर मिलेंगे। यह खरीद जरूरत

के आधार पर स्वदेशी कंपनियों से 'भारत से खरीदो' श्रेणी में की जाएगी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में अब तक भारतीय उद्योगों से 2 लाख 71 करोड़ रुपए के रक्षा सौदों की खरीद को मंजूरी दी गई है। गुरूवार को कुल 70 हजार 500 करोड़ रुपए के सौदों को मंजूरी दी गयी जिनमें से अकेले नौसेना के लिए 56000 करोड़ रुपए के सौदों को मंजूरी दी गई है। इनमें ब्रह्मोस मिसाइल , शक्ति इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्रणाली और हेलिकॉप्टर की खरीद शामिल है। सेना के लिए धनुष तोप प्रणाली और के-9 वज्र तोप प्रणाली के अलावा 155 एमएम /52 केलिबर की एटीएजीएस तोप प्रणाली की खरीद को भी जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गई है।

सरकारी स्कूल के हेड मास्टर ने आठवीं के छात्र को डंडे से बुरी तरह पीटा, आंख के ऊपर लगे 4 टांके

जोधपुर/जीएनएस। बाड़मेर के सिणधरी थाना क्षेत्र में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लाखाणी गोदारों की ढाणी के आठवीं कक्षा के 1 बच्चे की हेड मास्टर द्वारा डंडे से पिटाई का मामला सामने आया है। डंडे की चोट के कारण 13 साल के बच्चे के आंख के ऊपर 4 टांके लगाने पड़े। बच्चे के पिता ने सिणधरी थाने में टीचर के खिलाफ मामला भी दर्ज करवाया है। इधर प्रधानाध्यापक ने घटना के समय स्कूल में होने से ही इनकार किया है और इसे राजनीति से प्रेरित षड्यंत्र बताया है। बच्चे के अनुसार वह बिना अध्यापक से पूछे टॉयलेट गया था, जिसके कारण हेडमास्टर ने उसकी पिटाई कर दी।

सिणधरी थाने में बालक के पिता हुकमाराम की दी गई रिपोर्ट के अनुसार उनका बेटा रावत राम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लाखोणी गोदारों की ढाणी की 8 वीं क्लास का स्टूडेंट है । 11 मार्च को स्कूल में कक्षा में अध्यापक नहीं होने पर वह बिना परमिशन से ही क्लास रूम के बाहर आ गया और टॉयलेट करने जा रहा था, जहां प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार प्रजापत ने उसे देखकर डंडे से पिटाई की। डंडा सीधा उसकी आंख के ऊपर जा लगा। डंडा लगते ही खून बहने के के कारण 13 साल का बेटा रावत राम बेहोश हो गया और उसका पूरा चेहरा खून से लथपथ हो गया। अस्पताल ले जाने पर उसके आंख के ऊपर चार टांके लगाये गये।

प्रधानाध्यापक पर आरोप

पिता का आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने सूरज कुमार ने पहले भी बेटे के साथ मारपीट की थी । लेकिन , उस समय गांव के प्रमुख लोगों के कहने पर कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि इस पूरे मामले में प्रधानाध्यापक का कहना है कि घटना के दौरान मैं स्कूल में था ही नहीं। दो बच्चे दौड़ रहे थे, तभी ये चोट लगी । बच्चे को वह खुद अस्पताल लेकर पहुंचे और इलाज करवाया । मामला पुलिस में पहुंचने के बाद अब इसकी तफ्तीश की जा रही है।

तेजस्वी यादव की 25 मार्च को पेशी, सीबीआई ने कहा- गिरफ्तार नहीं करेंगे

पटना/जीएनएस। दिल्ली हाई कोर्ट ने बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव को नौकरी के बदले जमीन मामले में 25 मार्च को दिल्ली में सीबीआई के समक्ष पेश होने को कहा है। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को आश्वासन दिया कि वह इस महीने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को गिरफ्तार नहीं करेगा, जिसके बाद नेता ने जमीन के बदले नौकरी मामले में पूछताछ के लिए 25 मार्च को एजेंसी के समक्ष पेश होने को लेकर सहमति जतायी।न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सीबीआई के वकील का बयान दर्ज किया कि एजेंसी की इस महीने तेजस्वी यादव को गिरफ्तार करने की कोई योजना नहीं है। इस आश्वासन के बाद तेजस्वी यादव की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने अदालत से कहा कि उनके मुवक्किल 25 मार्च को सीबीआई के दिल्ली मुख्यालय में जांच अधिकारी के समक्ष पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे पेश होंगे।

शासकीय पोलीटेक्निक कॉलेज झाबुआ में पांच दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम

समग्र आपदा प्रबंधन विषयक जिला स्तरीय प्रशिक्षण स्वंय सेवी संस्था हेतु आयोजित किया गया

झाबुआ /माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय पोलीटेक्निक कॉलेज झाबुआ में पांच दिवसीय भूकम्प विरोधी भवन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम म.प्र. के आपदा प्रबंधन संस्था के कार्यपालन संचालक व गृह सचिव रविन्द्र सिंह आई ए एस के नेतृत्व में किया गया। झाबुआ में पांच दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम समग्र आपदा प्रबंधन विषयक जिला स्तरीय प्रशिक्षण स्वंय सेवी संस्था हेतु आयोजित किया गया। आज पुलिस अधीक्षक अगम जैन उपस्थित रहे। जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि कुछ चीजे जो अचानक होती है और इसका सामना हमें करना होता है जिले में पूर्व में जैसे पेटलावद में बलास्ट हुआ था, कोराना की महामारी, उतराखण्ड में बादल का फटना, बोरवेल में बच्चों का गिरना यह भी एक आपदा है, हम चाहते है इस प्रशिक्षण का आप फायदा ले, हो सकता है पुलिस आपदा के समय पर नहीं पहुंच पाए किंतु आप मोर्चो सम्भाल ले और घटना को नियत्रंण में कर सकते है। इस प्रशिक्षण का पुरा लाभ ले और इसे शेयर भी करें जिससे जिले में यदि कोई आपदा आती है तो संयुक्त रूप से हम उसका सामना कर जनहानी रोक सकेंगे। इस अवसर पर डिस्ट्रिट कमाडेन्ट होमगार्ड शशीधर पिल्लाई के द्वारा प्रेक्टिकल के माध्यम से बाढ में डुबे व्यक्तियों को बचाने के तरीके, आग से नियत्रंण के लिए कार्यवाही एवं भूकंप आदि आपदा के समय की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में सभी को प्रशिक्षण दिया। सीविल डिफेंस के कार्यकताओं के द्वारा भी आपदा प्रबधंन के संबद्ध में प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं आपदा के संबंध में किस तरह से कार्यवाही की जा सकती है इसके संबंद्ध में अवगत कराया।

उक्त प्रशिक्षण में संस्थान के संयुक्त संचालक डॉ जार्ज व्ही जोसेफ गृह विभाग म.प्र. शासन ने कार्यशाला में पहुंचकर आपदाओं, विद्यमान खतरों एवं सवेदनशीलता के बारे में विचार रखे। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया की आपदाओं के प्रभाव को कम करना है। तो समुदाय को तैयार करना होगा तभी आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है।

भूकम्प विरोधी भवन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में आज एनजीओ, सरकारी इंजिनियर, प्राइवेट इंजिनियर, कान्ट्रेक्टर एवं इंजिनियर विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भोपाल में आपदा प्रबंधन संस्थाएं से आए संयुक्त संचालन डॉ. जार्ज वी.जे. जोसेफ ने सभी प्रतिभागियों को आपदा बचाव व सुझाव कि जानकारी साझा कि, इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को जागरूक किया जा रहा है, कि भूकम्प जैसी आपदा से अपने भवनों को सुरक्षित किया जा सकता है। एनजीओ के साथ इस प्रशिक्षण में यूनिसेफ से सुश्री स्वाति दे, सुश्री मिनाक्षी एवं शास्वत नायक, जिम्मी निर्मल, एनआरएलएम के 20 स्वयं सहायता समूह की महिला अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम के समन्वयक एवं संस्थान में पदस्थ अभिषेक मिश्रा के द्वारा किया गया। तकनिकि विशेषज्ञ के रूप में श्रीमती नेहा श्रीवास उपस्थित थी।

प्रशिक्षक सत्र में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश वर्मा व प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज झाबुआ गीरिश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्रीमती रेशम गामड़, एसडीओ डब्लयूडी डी.के. शुक्ला, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक भीम सिंह डामोर के सहयोग से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सयोंजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में भोपाल आपदा प्रबंधन संस्था से आये टीम के इंजीनियर नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि जब हम भवन निर्माण करे तो भारतीय मानको का पालन करना चाहिये व ब्यूरो ऑफ इंडिया को पालन करना अनिवार्य है।

सार समाचार

मनरेगा के अंतर्गत ग्राम रोजगार सहायक राहुल मेडा के विरूद्ध कार्यवाही

झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। मनरेगा के अंतर्गत ग्राम रोजगार सहायक श्री राहुल मेडा ग्राम पंचायत गोपालपुरा हवाई पटटी् जनपद पंचायत झाबुआ के द्वारा वित्तीय अनियमित्ता के कारण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमन वैष्णव के द्वारा कारण बताऔं सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसका प्रतिउत्तर श्री मेडा के द्वारा दिया गया था जो समाधान कारक नहीं होने पर 15 दिवस का मानदेय कार्य नहीं वेतन नही के आधार पर चेतावनी दी गई कि भविष्य में उक्त कृत्य/कृत्यों की पुनरावंती नहीं की जावे।

मनरेगा के अंतर्गत ग्राम रोजगार सहायक मुकेश कालीया परमार के विरूद्ध कार्यवाही

झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। मनरेगा के अंतर्गत ग्राम रोजगार सहायक मुकेश कालीया परमार ग्राम पंचायत डाबतलाई जनपद पंचायत राणापुर के द्वारा वित्तीय अनियमित्ता के कारण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमन वैष्णव के द्वारा कारण बताऔं सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसका प्रतिउत्तर परमार के द्वारा दिया गया था जो समाधान कारक नहीं होने पर 15 दिवस का मानदेय कार्य नहीं वेतन नही के आधार पर चेतावनी दी गई कि भविष्य में उक्त कृत्य/कृत्यों की पुनरार्वती नहीं की जावे।

स्वास्थ्य विभाग में मेजल्स रूबेला दिवस पर नगर में निकाली जन जागरूकता रैली

सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड। सलसलाई नगर सहित आसपास के समस्त एएनएम व कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर एवं स्वास्थ्य सुपरवाइजर आरपी मालवीय स्वास्थ्य विभाग की टीम मिडिल शुरू मेला उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय सलसलाई के छात्रों एवं शिक्षक गण एवं स्वास्थ्य टीम द्वारा मेडल्स रूबेला की शपथ दिलाई एवं संचालन ग्राम वासियों को जन जागरूकता के लिए स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार द्वारा रैली में भाग लिया जहां पूरे नगर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा रैली निकालकर जन जागरूकता की गई।

कारगिल चौराहे रोड पर वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार हुआ घायल

आलोट/राकेश चोहान/दैनिक मालवा हेराल्ड। आलोट स्थित कारगिल चौराहे रोड पर गांव अरवलिया निवासी युवक को अज्ञात वाहन चालक द्वारा मोटरसाइकिल को टक्कर मार घायल कर दिया मोटरसाइकिल सवार सुजान सिंह पिता गंगा सिंह निवासी अरवलिया ने बताया वाहन चालक द्वारा तेज अनियंत्रित गति से आते हुए उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे वो मोटरसाइकिल सहित नीचे गिर घायल हो गया सुजान सिंह द्वारा वाहन चालक के खिलाफ आलोट थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाइ ह सुजान सिंह की रिपोर्ट पर वाहन क्रमांक एमपी 43 पी 0487 के चालक के खिलाफ धारा 279 337 में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है

19 वर्षीय बालक की जहर पीने से मौत

आलोट/राकेश चोहान/दैनिक मालवा हेराल्ड।19 वर्षीय बालक की जहर पीने से इलाज के दौरान जिला अस्पताल हुई मौत आलोट समीपस्थ बड़ागांव कलसिया में 19 वर्षीय बालक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई आपको बता दें राजाराम पिता मोहनलाल निवासी बड़ागांव कलसिया द्वारा अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया जब तबीयत बिगड़ी अचेत अवस्था में परिजनों को पता चलने पर तुरंत सिविल हॉस्पिटल आलोट लेकर पहुंचे जहां हालत खराब होने पर उसे तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई भीम निवासी धीरज पिता योगेश व्यास द्वारा पुलिस को सूचना दी गई जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मौका मुआयना कर मर्ग कायम किया वहीं 174 जा फो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

जलकर वसूली एवं अवैध नल कनेक्शनों के नियमितीकरण हेतु शिविर

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। लोक स्वा.यां. विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के साथ ही बकाया जलकर वसूली किये जाने एवं अवैध कनेक्शन का नियमितिकरण कर अवैध से वैध किये जाने की कार्यवाही हेतु शहर के विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को रविशंकर नगर बगीचा एवं नानाखेड़ा शुद्धश्री रेस्टोरेंट आयोजन किया गया जिसमें बकालया जलकर वसूली के साथ ही अवैध नल कनेक्शन को नियमित करने की कार्यवाही की गई। शुक्रवार को छत्रीचौक एवं कबीर नगर बसंत विहार टंकी के पास शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शराब पीकर वाहन चलाने वाले को न्यायालय ने किया दंडित

आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड। को न्यायालय ने यातायात पुलिस आगर मालवा द्वारा पंजीबद्ध दो पृथक पृथक एमवी एक्ट धारा 185 (शराब पीकर वाहन चलाना) के प्रकरणों में दस दस हज़ार का जुर्माना किया। इसमें से एक प्रकरण होली के दिन शराब पीकर मोटरसाइकिल चलाने वाले चालक का है जबकि एक अन्य प्रकरण में नेशनल हाईवे कोटा रोड पर चालक फोर व्हीलर वाहन चलाते हुए शराब का सेवन करते हुए पाया गए थे। दोनों प्रकरणों में चालकों का मेडिकल परीक्षण करवाया गया था। परीक्षण रिपोर्ट और पुलिस द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने दस दस हज़ार का जुर्माना किया।

एक साथ 2 जगह आगजनी होने पर की शासन से फायर ब्रिगेट की मांग -भरावा

भरावा ने बताया रबी सीजन में बोई गई गेहूं फसल पककर तैयार हो चुकी

खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड/ मुरलीदास बैरागी। उज्जैन के खाचरोद क्षेत्र में हुई आगजनी के सबंध में बताते हुवे भरावा ने बताया रबी सीजन में बोई गई गेहूं फसल पककर तैयार हो चुकी है अब खेतों में कटाई का दौर शुरू हो चुका है इस दौरान खेतों में आग लगने की घटनाएं होने लगी है सोमवार दोपहर तहसील मुख्यालय से 3 किमी दूर ग्राम बेहलोला खाचरौद निवासी उस्मान गनी पिता इस्माल शाह सातसवार कृषक ग्राम बेहलोला बड़नगर रोड ओमप्रकाश बालाराम संगीतला एवं सरिता पति लोकेन्द्र नागदा रोड मकान में आग लग गई इससे बहलोला निवासी कृशक की 3 बीघा की 100 प्रतिशत उपज जलकर खाक हो गई आग इतनी तेजी से फैली की फायर फाइटर के आने से पूर्व खेत खाक हो गया खाचरोद नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने बताया कि तीन बीघा खेत में गेहूं बोया था कटाई कर पूले एकत्रीकरण कर रहे थे तभी खेत के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तार में सर्किट होने से उपज में आग लग गई आग इतनी तेजी से फैली की बचाव करने से पूर्व फसल खाक हो गई सुचना मिलते ही नगर पालिका द्वारा 1 फायर ब्रिगेट बड़नगर रोड पहुंचाई एवं उसी समय ग्राम बेहलोला मै आगजनी होने पर नागदा नगर पालिका द्वारा फायर बुलवाई गई ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुवे अध्यक्ष भरावा द्वारा 1 और फायर ब्रिगेट क्रय करने हेतू शासन को प्रस्ताव बनाकर भेज मांग की गई प्रशासन से मौका पंचनामा बनाने और कृषक को आगजनी मै हुई नुकसानी हेतू राहत राशि दिलाने की मांग की।

कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह द्वारा राजस्व अधिकारी की 16 मार्च 2023 को प्रातः 11:00 बजे समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजस्व के विषयों पर चर्चा की गई। एजेण्डा अनुसार चर्चा की गई, साथ ही राजस्व प्रकरणों एवं नामांतरण/बंटवारा/सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा, राजस्व वसूली की समीक्षा, लंबित ऑडिट कण्डिकांए और लंबित आशवासन, लंबित सीएम मॉनिट/सीएस मॉनिट प्रकरण, सी.एम. हेल्प लाईन प्रकरणों की समीक्षा, संभागयुक्त एवं कलेक्टर्स द्वारा राजस्व न्यायालयों का समयसीमा में निराकरण करें, जिला न्यायालय/उच्च न्यायालय में प्रचलित प्रकरणों की समीक्षा, नक्शा शुद्धिकरण पखवाडा,स्वामित्व योजना,मुख्यमंत्री भू आवासीय योजना, पी.एम. के.के. व्हाय एफआरए, धारणाधिकार की समीक्षा, शासन संधारित मंदिरों के पुजारियो की नियुक्ति व मानदेय वितरण के विषयों पर चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में ए.डी.एम. एस.एस मुजाल्दा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद, अनिल राठौर, थांदला तरूण जैन, मेघनगर श्रीमती अंकिता प्रजापति, झाबुआ एल.एन.गर्ग, समस्त तहसीलदार,समस्त नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, एवं जिला लोक सेवा प्रबंधक, एवं जिला ई-गवर्नेस प्रबंधक उपस्थित थे।

सर्व ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा निकाली गई गणगौर फुल पाती

खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड /मुरलीदास बैरागी। उज्जैन के तराना में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा गणगौर चल समारोह निकाला गया जिसमें दूल्हा श्रेया उपाध्याय एवं दुल्हन दीपालीी शर्मा बनाए गए नगर में चल समारोह का स्वाागत किया गया गणगौर के अवसर पर सर्व ब्राह्मण परिवार में आई नवविवाहित वधुवो का समाज की वरिष्ठ महिला मनोरमाा उपाध्याय द्वारा सम्मान किया गया इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल एवं बेटियां उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन मेघा पंड्या ने किया अंत में आभार सर्व ब्राह्मण समाज महिला अध्यक्ष वंदना सनोठिया ने।

कलेक्टर की अध्यक्षता में स्पेशल डीएलसीसी बैठक का आयोजन

समग्र ई-केव्हायसी हेतु फीस विभाग द्वारा प्रतिपूर्ति की जायेगी। आवेदक से कोई शूल्क नहीं लेना है।- कलेक्टर »»स्पेशल डीएलसीसी लाडली बहना योजना एवं मुख्यमंत्री उधम क्रांति योजना के लिए आयोजित थी

झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में स्पेशल डीएलसीसी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव एवं बैंकर्स के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यतः मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के जिले में सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर महोदया द्वारा निर्देश दिए जिसमें बताया कि लाडली बहना योजना का लाभ देने के लिए महिलाओं की सूची ग्रामवार ग्रामपंचायत में उपलब्ध है एवं जिनके खाते खुले है उनकी सूची भी उपलब्ध है। प्रथम इन्हें ई-केव्हायसी प्राथमिकता के आधार पर करें एवं जिन महिलाओं के बैंक खाते नहीं है उन्हें तत्काल खोलकर ई-केव्हायसी भी उपडेट करें । इसके अतिरिक्त आधार से अनिवार्य रूप से लिंक करना एवं डी.बी.टी. करना है। नामवार सूची के आधार पर तत्काल कार्यवाही सूनिश्चित करें। समग्र ई-केव्हायसी हेतु फीस विभाग द्वारा प्रतिपूर्ति की जायेगी। आवेदक से कोई शूल्क नहीं लेना है। साथ ही मुख्यमंत्री उधम क्रांति योजना की प्रगति की बैंक शाखा वार समीक्षा करते हुए कलेक्टर महोदया द्वारा सभी बैंकों विशेषकर भारतीय स्टेट बैंक की न्यून प्रगति पर असंतोष जाहिर किया तथा इस वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में अधिकाधिक प्रगति हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर महोदया द्वारा लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को प्राथमिकता से बंद कराने के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक के साथ महिला बाल विकास विभाग, जिला व्यापार उधोग केंद्र के अधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

पार्टी के पितृ पुरूष प.दीनदयाल उपाध्याय एवं डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्जविलत कर किया गया

खाचरोद ग्रामीण मंडल में भाजपा की 0.2 बूथ विस्तारक बैठक हुई

खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड /मुरलीदास बैरागी। उज्जैन के खाचरोद जनता पार्टी ग्रामीण मंडल खाचरोद बैहलोला शक्ति केन्द्र बूथ क्रमांक 46 की बूथ विस्तार बैठक आयोजित हुई गांव घुडावन हनुमान मंदिर पर बैठक का शुभारम्भ जिला ग्रामीण अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला मंडल प्रभारी तेजसिंह राठौर पूर्व जनपद अध्यक्ष रामलाल धाकड मंडल अध्यक्ष अजयसिंह पंवार के द्वारा पार्टी के पितृ पुरूष प.दीनदयाल उपाध्याय एवं डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्जविलत कर किया गया जिला अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला ने बताया कि पूरे मंडल में अल्पकालीन बूथ विस्तारक बनाए गए हैं यह सभी बूथ विस्तारक 10 दिन तक अपने शक्ति केंद्र के प्रत्येक बूथ केंद्र पर रहकर हर बूथ पर व्हाट्सएप ग्रुप हितग्राही महिला युवा प्रमुख की नियुक्ति कर कार्य करना है आने वाले समय में विधानसभा चुनाव का युद्ध होने वाला है और यह युद्ध हम तभी जीत पाएंगे जब हमारा बूथ सबसे मजबूत होगा सभी कार्यकर्ताओं को चलो बूथ की ओर का संकल्प लेकर अपने अपने बूथ को मजबूत बनाने का कार्य करना पड़ेगा तभी 100 त बूथ जीता चुनाव जीता का संकल्प पूरा होगा नागदा खाचरोद विधानसभा के सभी मतदान केंद्र पर हमें जाना है और हर बूथ पर संगठन एवं पार्टी को मजबूत बनाना है हर बूथ पर पन्ना प्रमुख एवं पन्ना समिति बनाना है तभी शक्ति केन्द्र और बूथों पर पार्टी मजबूत होगी और आने वाले चुनाव में हमारी पार्टी का 51 प्रतिशत मत का लक्ष्य हम पूरा कर पायेंगे हमारी केंद्र की मोदी जी की सरकार एवं प्रदेश की शिवराजसिंह चौहान जी कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना की जानकारी जन जन तक हर बूथ स्तर तक पहुंचाना है प्रत्येक बूथ पर डिजिटल एवं फिजिकल कार्य करके संगठन व पार्टी को मजबूत करने का हमें कार्य कर नागदा खाचरोद विधानसभा क्षेत्र में कमल के फूल को खिलाकर को विजय बनाना है यह संकल्प सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को दिलवाया बैठक को भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला ने संबोदित किया बैठक का संचालन भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजयसिंह पंवार ने किया बैठक में मंडल महामंत्री राकेश बोडाना किसान मोर्चा अध्यक्ष कृपालसिंह पंवार मोतीसिंह शेखावत कन्हैयालाल यादव दीपक धाकड इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जन मंडल शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक सह संयोजक अल्पकालीन विस्तारक युवा मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आईटी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

खाचरोद-बूथ सशक्तिकरण विस्तारक अभियान कार्यक्रम

खाचरौद नगर मंडल के बुथ क्रमांक 196 पर बुथ सशक्तिकरण को लेकर आगामी कार्ययोजना को लेकर कार्यशाला संपन्न हुई

खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड समाचार/ मुरलीदास बैरागी। उज्जैन के खाचरौद नागदा विधानसभा क्षैत्र के खाचरौद नगर मंडल के बुथ क्रमांक 196 पर बुथ सशक्तिकरण को लेकर आगामी कार्ययोजना को लेकर कार्यशाला संपन्न हुई इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला और क्षेत्र के पूर्व विधायक दिलीप शेखावत ने भाजपा द्वारा अपना बूथ सबसे मजबूत करने की दिशा में कार्यकर्ताओं से संवाद किया और बुथ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित नवीन मकान का उद्घाटन कर हितग्राही को ग्रह प्रवेश कराया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित कर हितग्राहियों का सम्मान किया गया इस अवसर पर बुथ कमेटी का गठन भी किया गया है जिसका अध्यक्ष राहुल भैया का बनाया गया इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष चेतन शर्मा, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दयाराम धाकड़, जिला भाजपा कार्यसमिति के सदस्य राधेश्याम बंबोरिया महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष अमित सेठी, जिला अंत्योदय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष निशित सिसोदिया,महिला मोर्चा के जिला महामंत्री श्रीमती मनीषा शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद चतुर्वेदी, हरिराम कांकर,सिद्धू पहलवान, किसान मोर्चा के नगर महामंत्री नितेश की किलोरियां, परमानंद पो पंड्या अशोक संगीतला, रमेश गुलिया, युवा नेता सुनील वाकतरिया, भरत नगर, गणपत ठंन्ना,रामनारायण पोपडिंया,किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष राहुल बंबोरिया,रमेश परमार, ईन्नु भाई बागपुरा, गोविंद प्रजापत,सुनील कासनिया रितेश को पंड्या मोहनलाल सरा निलेश अटोलिया,प्रिंस बंबोरिया आदि उपस्थित थे।

बदला मौसम का मिजाज : जिले में कई जगह बारिश के साथ गिरे ओले

मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। जिले में गुरूवार की सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला रहा। आसमान में बादल छाए हुए थे। दिनभर धूप-छांव का खेल चलता रहा। शाम पांच बजे मौसम ने अचानक करवट ली। तेज आंधी चलने लगी। इसके बाद कई जगह बारिश शुरू हो गई। मल्हारगढ़ क्षेत्र के पिपलियामंडी, कनघट्टी, कोलवा, निरधारी सहित कई गांवों में देर शाम झमाझम बारिश के साथ ओले गिरे। कनघट्टी में करीब आधा घंटे तेज बारिश के साथ मक्के के आकार के ओले गिरे। इससे पहले 5-6 मार्च को जिले में ओलावृष्टि और बारिश हुई थी। आनेवाले दिन तीनों में भी जिले में बारिश की संभावना बनी हुई है।

किसानों की आफत, खेतों में पड़ी कटी फसल

विगत दिनों बारिश से अफीम, गेहूं, चना, ईसबगोल जैसी फसलों को नुकसान हुआ था। विगत दो-तीन दिनों से बारिश की आशंका के चलते किसान खेतों में तेजी से फसलों की कटाई कर रहे थे। बारिश होने की वजह से कई किसानों की खेतों कटी फसल को नुकसान हुआ है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार उत्तर भारत में एक विक्षोभ सक्रिय है। इसके प्रभाव से साउथ इस्ट राजस्थान में 14 मार्च से चक्रवात बना हुआ है। इस वजह से जिले में बादल छाए हुए हैं। गुरूवार को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। दक्षिण पूर्वी हवाएं बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी लेकर आ रही है। इन दोनों के मिश्रण से जिले में बारिश व ओलावृष्टि व तेज आंधी की संभावना करीब तीन दिन तक रहेगी।

शिवना शुद्धिकरण को लेकर बेतरतीब और दूरदर्शिता वाली योजना का हो चुका है .क्रियान्वयन-पयामी

मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। शिवना शुद्धिकरण कार्ययोजना को लेकर सवाल यह है कि एजेंसी किसी को भी बनाएं, योजना तकनीकी रूप से सही नहीं होने पर इसका खामियाजा मंदसौर शहर के नागरिकों को ही भुगतना पड़ेगा।

यह बात नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी ने कही। उन्होंने कहा कि शिवना शुद्धिकरण को लेकर जो एक सीवरेज लाइन डाली जा रही है, उसमें तकनीकी रूप से बहुत सारी कमियां हैं। जैसे कि 28 करोड की यह कुल राशि इस मद में मिली है जिसमें कि 4 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन डाली जा रही है जिसमें कुल 1 मीटर के पाइप डाले जा रहे हैं जो कि अपर्याप्त हैं। पूरे शहर का गंदा पानी उस 1 मीटर के छोटे गैलन के पाइप से कैसे निकलेगा। जब बाढ़ का पानी आएगा तो क्या पाइप चौक नहीं होंगे क्या। नगरपालिका 20 फीट गहरी और 4 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन को साफकर पाएगी। पाइप लाइन में कितने नालों का पानी आएगा। योजना ड्राइंग में कुल 11 नाले दर्शाए गए हैं, जबकि मंदसौर शहर में कुल 25 नाले हैं। इस संबंध में जब नगरपालिका के पार्षदों की ओर अध्यक्षों की एक मीटिंग पीआईयू अधिकारी के साथ की गई तब इन सारे सवालों का जवाब भी संतोषप्रद नहीं दे पाए। चंबल की योजना तकनीकी रूप से सफल नहीं हो पाई। अमृत वन में जो टंकियां बनाई गई थी, उसमें से टंकीया फ्लॉप हो गई। मंदसौर शहर के लोग पानी की समस्या से यथावत जूझ रहे हैं एक बार फिर 28 करोड़ की एक बड़ी राशि वाली योजना फेल होने की स्थिति में है इस संबंध में मंदसौर के जिम्मेदार लोगों को ध्यान देना चाहिए वरना।

सदियों तक सुनाई देगी मालव माटी की अनुगूंज - डॉ मोहन गुप्त

डॉ देवेंद्र जोशी की पुस्तक सपूत मालव माटी के का लोकार्पण संपन्न

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। पत्रकार सच्चे अर्थों में समाज दृष्टा होता है ।डॉ देवेन्द्र जोशी ने अपने निष्पक्ष और सकारात्मक लेखन से साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में जो विश्वसनीयता हासिल की है वह अपने आप में एक मिसाल है। उनकी पुस्तक सपूत मालव माटी के एक ऐतिहासिक दस्तावेज है जिसकी अनुगूंज युगो युगो तक सुनाई देती रहेगी। -उक्त उद्गार पूर्व संभाग आयुक्त और संस्कृति विद डॉ मोहन गुप्त ने मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन द्वारा आयोजित वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार डॉ देवेंद्र जोशी की पुस्तक सपूत मलव माटी के का लोकार्पण करते हुए सारस्वत अतिथि के रूप में व्यक्त किए । कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि डॉ संजीव कुमार नई ,दिल्ली विशेष अतिथि प्रोफेसर बालकृष्ण शर्मा,श्यामदास जी महाराज और शैलेंद्र कुमार शर्मा थे अध्यक्षता हरिमोहन बुधौलिया ने की।

इस अवसर पर बोलते हुए डॉ संजीव कुमार ने कहा कि अच्छे कंटेंट वाले लेखकों के लिए इंडिया नेटवर्क के द्वार सदा खुले हैं। सपूत माल माटी के पुस्तक एक ऐतिहासिक और परिश्रम पूर्ण दस्तावेज है। इस तरह की पुस्तक का द्वितीय और तृतीय भाग भी सामने आना चाहिए। मालवांचल में लेखन और प्रकाशन की अपार संभावनाएं हैं। प्रो बालकृष्ण शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि डॉ देवेंद्र जोशी की लेखनी मालवा की उर्वरा भूमि की सृजन परंपरा की निरंतरता की पर्याय है। उनका लेखन समाजोपयोगी और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रतिस्थापित करने वाला है ।कुलानुशासक डॉ शैलेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि सपूत मालव माटी के पुस्तक इस अर्थ में एक सार्थक अनुष्ठान है कि इसमें मालवांचल के पिछले 100 वर्षों के विभिन्न वर्गों के 35 महापुरुषों को एक साथ पुस्तकाकार रूप में प्रस्तुत किया गया है ।

20 मार्च को नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपीन जैन करेंगे पदभार ग्रहण

मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष विपीन जैन 20 मार्च को पदभार ग्रहण करेंगे। गांधी चौराहा मंदसौर पर सुबह 11 बजे आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री एवं इंदौर, उज्जैन संभाग प्रभारी सज्जनसिंहजी वर्मा सहित मंदसौर जिला प्रभारी मुजीब कुरैशी एवं अन्य वरिष्ठ नेतागण पदभार ग्रहण समारोह में भागीदारी करेंगे।

जिला राजपूत समाज का होली मिलन समारोह 19 मार्च को

मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिला राजपूत समाज संगठन ट्रस्ट का वार्षिक होली मिलन समारोह एवं अधिवेशन 19 मार्च को दोपहर 2 बजे अभिनंदन रोड स्थित पद्मावती रिसोर्ट पर रखा गया है। जिसमें पूरे जिले के समाजजन भाग लेंगे। इस अवसर पर जिलेभर से समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनकी योग्यता अनुसार पुरस्कृत किया जाएगा। जो जनप्रतिनिधि वर्ष 2022-23 में सरपंच, जनपद प्रतिनिधि, जिला पंचायत प्रतिनिधि, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद चुन कर आये है, उनका भी सम्मान समाज के वरिष्ठजनों द्वारा किया जाएगा। वार्षिक अधिवेशन में समाज की संपूर्ण गतिविधियां की जानकारी आय और व्यय के ब्यौरे सहित दी जावेगी।

विराट ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन आज से, देश विदेश से 450 एस्ट्रो वास्तु विद आएंगे

दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक शहर के लोगों की कुंडली निःशुल्क देखेंगे

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। मां शारदा ज्योतिषधाम अनुसंधान संस्थान इंदौर के तत्वावधान में बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में विराट ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है।31वां ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन आज 17 मार्च से हरिफाटक ब्रिज के समीप स्थित होटल प्रेसीडेंट में होगा। संस्था के संस्थापक पं. दिनेश गुरूजी ने बताया कि इस महासम्मेलन में 450 एस्ट्रो वास्तु विद देश विदेश से पधार रहे हैं। महासम्मेलन संयोजक आनंद भाया और सम्मेलन अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत एवं संगीता शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्योतिष के भीष्म पितामह गुरूवर के एन पद्मेश कानपुर, धर्मगुरू एचएस रावत, डॉ. अजय भांवी, आचार्य अनिल वत्स, गुरूदेव लाल किताब के जीडी वशिष्ठ दिल्ली, पं. अक्ष्य शर्मा मोगा, डॉ. विनायक मुलट मोदी नगर, हरलीन कोर कनाडा, पं. जितेन्द्र शर्मा काठमांडू, आचार्य डॉ. दिलीपकुमार, हिना ओझा मुंबई, डॉ. महेंद्रनाथ काठमांडू, भाविन देसाई अहमदाबाद, हीरेन्द्र शुक्ला बैतूल, सांची केसरी मुंबई, डॉ. चंद्रकांत शिवाले, दादा पूने आदि प्रमुख रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम महासचिव शैलेन्द्र व्यास, पं. गौरव तिवारी राजपुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ आज शाम 4 बजे हवन पूजन से होगा। दीप प्रज्जवलन शाम 5 बजे होगा। ज्योतिषाचार्य अर्चना सरमंडल, भारती वर्मा, नंदनी जोशी ने बताया कि दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे शहर के लोगों की कुंडली निःशुल्क होटल प्रेसीडेंट में देखी जाएगी। डॉ. प्रदीप पंड्या राजज्योतिष, मयंक जोशी, डॉ. प्रियंका चौबे ने बताया कि यह सम्मेलन की मुख्य विशेषता होगी यह रात्रिकालीन ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन रहेगा। विश्व ज्योतिष सम्मेलन में अभिनव प्रयोग किया जा रहा है।

गेहूं का दाम तीन हजार रुपये क्विंटल हो, बीपीएल कार्ड वालों को 35 किलो गेहूं मिले-परशुराम सिसौदिया

मंदसौर/मल्हारगढ़/दैनिक मालवा हेराल्ड। क्षेत्र में अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से फसले चौपट होगई वही दूसरी ओर किसानों को अपनी उपज का वाजिब दाम भी नही मिल रहा है इससे किसान काफी परेशान है। गुरुवार को कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा,जिला पंचायत सदस्य अशोक खींची, जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव कन्हैयालाल पाटीदार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद पारक्या, मंडलम अध्यक्ष किशोर उणियारा, डॉ अनिल जैन आदि ने ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर गेंहू के खेतों में जाकर किसानों से चर्चा की। कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया ने कहा कि किसान काफी मेहनत से फसल पैदा करता है लेकिन भाजपा के राज में किसानों को उपज का लागत मूल्य भी नही मिलता है क्योंकि यह पूंजीपतियों की सरकार है। गेंहू कृषि उपजमंडी में सोलह सौ, सत्रह सौ रुपये क्विंटल ही बिक रहा है। सिसौदिया ने कहा कि गेंहू तीन हजार रुपये क्विंटल बिकना चाहिए व बीपीएल कार्ड धारकों को प्रति राशन कार्ड पैतीस किलो राशन मिलना चाहिए। इस अवसर पर ईश्वरसिंह शक्तावत, कुलदीप सिंह शक्तावत, दिनेश पाटीदार, शिवनारायण पाटीदार, रामराज मीणा, मुकेश,गुड्डू, राजू, अंगूरी बाई, सुमित्रा बाई, सीमा, कृष्णा, ज्योति आदि मौजूद थे।

21 हजार के लोहे के साथ पकड़ाए आरोपी

24 घंटे में कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। कोतवाली पुलिस ने एक दिन पूर्व हुई चोरी की शिकायत में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का माल जब्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शकील पिता शाकिर खां ने एक दिन पूर्व फरियादी ने शिकायत की थी कि उसके यहां अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है जो करीब तीन क्विंटल सरिया चुराकर ले गए हैं। इस पर पुलिस ने वहां पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। तो पता चला कि बदमाश इनके यहां से करीब 21 हजार कीमत का सरिया चुरा ले गए हैं। इसके बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सहायता से पुलिस ने आरोपियों तक पहुंचकर उनसे चोरी का माल जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी इंजमाम उर्फ मुन्ना और महफूज खान निवासी पटेलवाड़ी महूपुरा को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में कोतवाली टीआई संतोष वाघेला, प्रधान आरक्षक राकेश किरार, शैलेंद्र गुर्जर, शैलेंद्र शर्मा की अहम भूमिका रही।

प्रभु प्रेमी संघ का गुरू सत्संग 19 मार्च को मनाएंगे फाग महोत्सव

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज की संस्था प्रभु प्रेमी संघ द्वारा 19 मार्च को गुरू सत्संग का आयोजन किया जाएगा वहीं सभी अनुयायी मिलकर फाग महोत्सव मनाएंगे।संस्था के अध्यक्ष अजय पाण्डे ने बताया कि रविवार को भारतीय ज्ञानपीठ स्कूल के सामने लोटि स्कूल में दोपहर 4:30 बजे सत्संग एवं फाग उत्सव मनाया जाएगा।

भगवान के जन्म एवं तप कल्याणक पर निकली रथयात्रा

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। प्रथम तिर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान की जन्म एवं तप कल्याणक के अवसर पर 16 मार्च गुरूवार को दिगंबर जैन महासमिति के तत्वावधान में चल समारोह निकाला गया।

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर फ्रीगंज से प्रारंभ हुई भव्य रथयात्रा प्रमुख मार्गो से होती हुई पुनः मंदिरजी पहुंची। जहां श्रीजी के कलशाभिषेक हुए।मीडिया प्रभारी डॉ सचिन कासलीवाल ने बताया की महासमिति अध्यक्ष रमेश जैन एकता, सचिव कमल मोदी, सामाजिक संसद अध्यक्ष अशोक जैन चायवाला, सचिव सुनील जैन ट्रांसपोर्ट, महासमिति महिला विंग अध्यक्ष समता कासलीवाल, प्रियंका मोदी, जैन मित्र मंडल अध्यक्ष नितीन डोसी, नारी चेतना मंडल अध्यक्ष पुष्पा वज, तपोभूमि के रथ में भगवान को लेकर अनिल सीमेंटवाले बैठे रथ में, अजय सार्थी बनकर साथ बैठे।

महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त मोर्चा संघ अनिश्चित कालीन हड़ताल पर

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमले परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों अपने चरणबध्य आंदोलन के अंतर्गत 15 मार्च से अनिश्चितकालीन अवकाश पर जाने एवं अपनी मांगों के संबंध में एक ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय ने दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष इंद्रभूषण तिवारी ने बताया कि वेतन विसंगति की मांग 30 साल से लंबित है ,इसके साथ ही अधिकारियों को पदनाम सहित टाइम स्केल देने , पर्यवेक्षकों को 4 प्रोन्नति दिए जाने, संविदा पर्यवेक्षको को नियमित करने , विकास खंड महिला अधिकारियों को परियोजना अधिकारियों के पद पर मर्ज करने एवम वापस लिए गए आहरण संवितरण अधिकार पुनः दिये जाने की मांग संयुक्त मोर्चा संघ द्वारा विगत लंबे समय से की जा रही है लेकिन विभाग द्वारा निराकरण हेतु कोई भी सकारात्मक प्रयास नहीं किया गया है।

फिर सक्रिय हुआ प्री-मानसून, आज और कल बारिश के आसार

कहीं झमाझम तो कहीं बूंदाबांदी की संभावना कुछ दिन ऐसे ही बने रहेंगे मौसम के हाल

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। पिछले दो दिनों से फिर मौसम ने लोगों के माथे पर चिंता की लकिरें खिंच दी हैं। मौसम विभाग की माने तो आने वाले कुछ दिन मोसम के मान से ऐसे ही बने रहेंगे और कहीं-कहीं तेज बारिश तो कहीं बूंदाबांदी या कहीं आंधी चल सकती है।

बुधवार को भी मौसम के यही हाल थे। देर रात अचानक तेज आंधी चलने लगी जिससे आसमान पर बादलों का डेरा डल गया। इसके बाद कुछ देर के लिए आसमान साफ हो गया। वहीं रात करीब 4 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। गुरूवार को भी दिनभर आसमान पर छा रहे बादल रह-रहकर बारिश की संभावना जता रहे थे, लेकिन दिनभर कभी तेज हवाएं तो कभी बादलों की आवाजाही चलती रही। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि गुरूवार रात को बारिश की संभावना है। इसके बाद शुक्रवार को कहीं झमाझम बारिश तो कहीं बूंदाबांदी या आंधी भी चल सकती है।

कुछ दिन ऐसे ही बने रहेंगे मौसम के हाल

मौसम विभाग द्वारा कुछ दिनों पहले भविष्यवाणी की गई थी कि 15 से 18 के बीच बारिश की संभावना है। वर्तमान में मौसम के यही हाल बने हुए हैं जो रह-रहकर बारिश की संभावना जता रहे हैं। श्री धनोतिया के मुताबिक आगामी कुछ दिन मौसम ऐसा ही बना रहेगा।

किसान हो रहे चिंतित

इधर मौसम परिवर्तन किसानो की चिंता बढ़ा रहा है। क्योंकि कई किसान ऐसे हैं जिनकी फसलें अभी भी खेतों में या तो कटकर रखी हुई हैं या फिर कटने के लिए तैयार हैं। ऐसे में यदि बारिश होती है तो उनकी फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। हालांकि मौसम विभाग द्वारा बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना ही जताई जा रही है।

उज्जैन आया सहज योग का चैतन्य रथ, निकली शोभायात्रा

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। सहज योग की संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर पूरे विश्व में कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी कड़ी में उज्जैन में 16 मार्च को चैतन्य रथ आया। इस उपलक्ष्य में पूरे दिन सहज योग ध्यान के कार्यक्रम हुए एवं शाम को शोभायात्रा रैली शहर के प्रमुख मार्गों से निकली।परम चैतन्य रथ यात्रा के प्रदेश प्रभारी महेन्द्र व्यास, उज्जैन प्रभारी शैलेंद्र कुल्मी एवं प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि एक वर्ष पूर्व श्रीमाताजी निर्मला देवीजी की जन्म स्थली छिंदवाड़ा से तीन रथ पूरे देश में सहज योग का प्रचार प्रसार करने एवं नए साधकों को आत्म साक्षात्कार देने के उद्देश्य से रवाना हुए थे और पूरे वर्ष इन तीन चैतन्य रथों द्वारा ना केवल भारत में वरन नेपाल में भी प्रचार प्रसार कर भ्रमण किया गया। छिन्दवाड़ा में 19 से 22 मार्च तक श्रीमाताजी का 100वां जन्म उत्सव महोत्सव मनाया जा रहा है एवं पूरे वर्ष भ्रमण कर तीनों रथ एक साथ 18 मार्च को वहाँ पहुँचेंगे। एक चैतन्य रथ 16 मार्च को सुबह बड़नगर रोड से उज्जैन पहुँचा। इसके बाद मुल्लापुरा, चिंतामन गणेश मंदिर सिंधी कॉलोनी चौराहा, फ्रीगंज घंटाघर, कोयला फाटक चौराहा, निकास चौराहा बुधवारिया में आत्मसाक्षात्कार के कार्यक्रम हुए और आम लोगों को सहज योग ध्यान की विधि बतायी गई और परम चैतन्य की अनुभूति कराई गई।

उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन
(जाहिर सूचना)

प्राधिकरण की **संत कबीर नगर** आवासीय योजना के आवंटित भूखण्ड/**क्रमांक 4/14 श्रेणी एमआईजी** को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की **संत कबीर नगर** आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड दुकान **क्रमांक 4/14 श्रेणी एमआईजी** प्राधिकारी रिकार्ड में **श्री लक्ष्मीनारायण मालवीय पिता गंगाराम मालवीय निवासी- 4/14, एमआईजी संत कबीर नगर, उज्जैन** के नाम पर दर्ज है। प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन फार्म के साथ शपथ पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है।

आवंटी द्वारा उक्त सम्पत्ति के प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से पन्द्रह दिन (15 दिवस) की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन में प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी जिसमें किसी की कोई आपत्ति / उज्र मान्य नहीं होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन
(जाहिर सूचना)

प्राधिकरण की **नानाखेड़ा वेदनगर** आवासीय योजना के आवंटित भूखण्ड/**क्रमांक ए-31/15 श्रेणी एमआईजी** को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की **नानाखेड़ा वेदनगर** आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड दुकान **क्रमांक ए-31/15 श्रेणी एमआईजी** प्राधिकारी रिकार्ड में **श्री शिवकांता मिश्रा पिता डॉ. रविन्द्र कुमार मिश्रा एवं श्रीमती ममता शर्मा पति भगवानदास शर्मा निवासी- 33, आदित्य नगर सिंधी कॉलोनी, उज्जैन** के नाम पर दर्ज है। प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन फार्म के साथ शपथ पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है।

आवंटी द्वारा उक्त सम्पत्ति के प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से पन्द्रह दिन (15 दिवस) की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन में प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी जिसमें किसी की कोई आपत्ति / उज्र मान्य नहीं होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन
छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन
-: स्थाई निविदा आमंत्रण सूचना :-

क्रमांकः- 228 शिवि: /2023/5 उज्जैन दिनांकः-14/3/23

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म. प्र. शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर निविदा भाव प्रतिशत की दर पर दिये जाने हेतु निविदा दिनांक 31/3/23 के दोपहर 3:00 बजे नगर निगम मुख्यालय प्रशासनिक कार्यालय छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन में आमंत्रित की जाती है, सील बंद निविदाएं इसी दिनांक को दोपहर 3:15 बजे उपस्थित ठेकेदार के समक्ष खोली जावेगी, तथा ठेकेदार की (श्रेणी सी) एम.पी. गवर्मेंट व टेण्डर फार्म का मूल्य 1,000/- रहेगा। निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक 29/3/23 समय 4:30 बजे तक रहेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी शिल्पज्ञ विभाग में अवकाश के दिन को छोड़कर देखी जा सकती है। यदि उपरोक्त निर्दिदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी। सशर्त निविदा मान्य नही होगी।

क्रं.	निविदा का आमंत्रण	कार्य का नाम	अनुमानित लगत	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र.भोपाल SOR	अर्नेस्टमनी रू.	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7
1	I	वार्ड क्रं . 09 विभिन्न स्थानों पर चेम्बर निर्माण ।	98,572/-	02.08.2021	2000/-	15 दिवस
2	I	वार्ड क्रं . 8 विभिन्न स्थानों पर चेम्बर निर्माण ।	99,463/-	02.08.2021	2000/-	15 दिवस
3	I	मंगलनाथ मंदिर के गेट पर जल भराव की निकासी हेतु पाइप लेईग कार्य ।	97,586/-	02.08.2021	2000/-	15 दिवस

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम उज्जैन
उज्जैन,दिनांकः-14/3/23

सम्पादकीय

मुश्किल में आम जनता

खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी के रुख से राहत की उम्मीद फिर धुंधली

इसमें कोई शक नहीं कि जनजीवन की आम गतिविधियों के ठप या कम होने की वजह से सभी क्षेत्रों में उत्पादन में गिरावट आती है और मांग के अनुपात में आपूर्ति नहीं हो पाने के चलते किसी भी वस्तु की कीमत ऊंची रहती है। लेकिन ऐसे मामले भी छिपे नहीं हैं कि बाजार की संचालक शक्तियां कई बार सामानों की आपूर्ति को मनमाने तरीके से नियंत्रित करके कीमतों को प्रभावित करती हैं। कुछ समय पहले जब बाजार में रोजमर्रा की जरूरत की कुछ चीजों की कीमतों में गिरावट आई थी तब यह उम्मीद जगी थी कि महंगाई के लंबे दौर से लोगों को शायद धीरे-धीरे राहत मिल सकेगी। लेकिन अब एक बार फिर खुदरा महंगाई ने बढ़ोतरी का जो रुख अख्तियार किया है, उससे राहत की उम्मीद एक बार फिर धुंधली पड़ने लगी है। यों सरकारी आंकड़ों में थोक मुद्रास्फीति दो साल से अधिक समय के निचले स्तर 3.85 फीसद पर आ गई है और थोक महंगाई की दर में भी गिरावट दर्ज हुई है। लेकिन अगर खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़े हैं तो आम जनता के लिहाज से महंगाई के प्रभाव को इसी आधार पर देखा जाएगा। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक थोक मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं, ईंधन और ऊर्जा के दामों में कमी की वजह से हुई है।हालांकि इसी दौरान खाने-पीने के सामानों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। यों इस साल फरवरी लगातार नौवां महीना है, जब थोक मुद्रास्फीति में गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन जनवरी में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जो दर 2.38 फीसद थी, वह फरवरी में 3.81 फीसद हो गई। जाहिर है, थोक महंगाई में नरमी के रुख के बावजूद आम लोगों को जरूरी वस्तुओं की कीमतों के स्तर पर न केवल कोई राहत नहीं मिली, बल्कि पहले ही इस समस्या से जूझते लोगों की मुश्किलें और गहरी हुईं।दरअसल, खासतौर पर खाने-पीने के सामानों के दामों में बढ़ोतरी का असर मुख्य रूप से इससे जुड़ा होता है कि लोगों की आमदनी कितनी संतोषजनक है और उनकी क्रयशक्ति की सीमा क्या है। अगर वस्तुओं की कीमतों में इजाफे के समांतर लोगों की आय में भी बढ़ोतरी होती है तो इसे एक बोझ के तौर पर नहीं देखा जाता है। करीब तीन साल पहले महामारी की वजह से हुई पूर्णबंदी का बाजार से लेकर कामकाज या रोजगार के सभी क्षेत्रों पर जो असर पड़ा था, उससे अब धीरे-धीरे राहत मिल रही है, लेकिन उसके नतीजे आज भी महसूस किए जा सकते हैं।इसमें कोई शक नहीं कि जनजीवन की आम गतिविधियों के ठप या कम होने की वजह से सभी क्षेत्रों में उत्पादन में गिरावट आती है और मांग के अनुपात में आपूर्ति नहीं हो पाने के चलते किसी भी वस्तु की कीमत ऊंची रहती है। लेकिन ऐसे मामले भी छिपे नहीं हैं कि बाजार की संचालक शक्तियां कई बार सामानों की आपूर्ति को मनमाने तरीके से नियंत्रित करके कीमतों को प्रभावित करती हैं।अब विशेषज्ञों की ओर से जो आशंका जाहिर की जा रही है, अगर वह सच हुई तो आने वाले महीनों में खासतौर पर खाद्य मुद्रास्फीति के मामले में और मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

बच्चों के आत्मिक, बौद्धिक उत्थान का सशक्त मार्ग - सहज योग

बच्चों में आत्मविश्वास, निर्भयता को सुदृढ़ करता है सहजयोग ध्यान

आध्यात्मिक उत्थान से बढ़कर कोई उत्थान नहीं है। यदि आध्यात्मिक प्रगति हुई तो हर क्षेत्र में प्रगति संभव है । पर ज्ञान पाना इतना आसान भी नहीं। हम यदि बच्चों का सुखद भविष्य चाहते हैं तो हमें उन्हें शांत व प्रफुल्लित जीवन देने का प्रयास करना चाहिए। बहुत गंभीरतापूर्वक विचार होना चाहिए कि आखिर बच्चों के लिए सही क्या है। भविष्य में कैसे जीवन की उनसे अपेक्षा की जाती है ।अपेक्षाएं माता पिता या स्कूल अपने लिए करता है या बच्चों के लिए ।आज का दौर जब बच्चों को मिलने वाले अंक के प्रतिशत पर उनकी काबिलियत को परखा जाता है वहाँ और कोई बात समझने का प्रयास होगा भी या नहीं, यह भी एक बड़ा प्रश्न है।संसार में जो वर्तमान स्थिति है उस पर गौर करना होगा क्योंकि हमारे बच्चे इसी संसार का अंश है। एक बात महत्वपूर्ण है कि बच्चे इस संसार में आये हैं तो जीवन जीने व परिवार, समाज और देश की उन्नति में अपना योगदान देने आए हैं। एक कुंठाग्रस्त जीवन शैली, भागदौड़, पैसे कमाने और झूठी प्रशस्ति की आकांक्षा में कहीं शांति का कोई स्थान है क्या? नहीं... आज समाज यदि ऐसे जीवन को अपनाकर संतुष्ट होने का दावा करे तो हमें भी सोचना होगा क्या सचमुच ऐसा है? हम सोचकर ही निर्णय करेंगे कि हमारे बच्चे पर कोई भी प्रयोग करना ठीक है क्या? यदि हमें उनके जीवन को दांव पर नहीं लगाना है, तो सोचना ही पड़ेगा। अपने जीवन से तुलना कर देखेंगे कि क्या हम अपने बच्चों के लिए भी ऐसा ही जीवन चाहते हैं या कुछ अलग। मार्ग है तभी तो इस विषय पर विचार की बात की जा रही है.. मार्ग पर गौर करते हैंकिसी बच्चे की मनोवैज्ञानिक स्थिति, उसकी समस्याओं से निपटने की क्षमता, पढ़ाई को लेकर योजना बनाने का सामर्थ्य, आत्मविश्वास को बढ़ाने और अपने लक्ष्य को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है उसका परिवार। एक स्वस्थ पारिवारिक माहौल बच्चे की मानसिक दशा को बेहतर बनाने में बहुत जरूरी होता है। सहज योग ध्यान योग की ऐसी पद्धति है जिसके अभ्यास से स्वयं को परखने की क्षमता मिलती है। ईश्वरीय चैतन्य जिसे लोगों ने सिर्फ सुना है उसकी सत्यता का हमें आभास होता है और हमारे अंदर एक शांत व्यक्तित्व निर्मित होने लगता है। बच्चे का परिवार और बच्चा जब इस योग से जुड़ता है, तब यथार्थ का बोध उन्हें झूठी शान व प्रशस्ति से अलग सुकून वाला वातावरण देता है। यहाँ भावनाओं को सौंदर्य मिलता है। आंतरिक खुशी भावनाओं की अभिव्यक्ति को आत्मविश्वास से भर देती है । बच्चे में सुंदर परिवर्तन आता है। यह वह समय भी होता है जब बच्चों में शारीरिक परिवर्तन भी होते हैं.. वे छोटे से बड़े होने की ओर अग्रसर होते हैं। यह परिवर्तन ध्यान साधना से जुडने के बाद उन्हें सहजता का भाव देता है। दूसरा है बौद्धिक उत्थान। बालक को विकसित होते समय कितनी अधिक परिवेश सुविधाएं या स्वयं निर्णय के अवसर उपलब्ध हुए, उसके अनुसार उसका बौद्धिक विकास होता है। परिवेश के दौरान बालक के निरीक्षण करने, अभ्यास करने, समस्या हल करने तथा अन्तर्दृष्टि का उपयोग करने के अवसर जितने अधिक उपलब्ध हो सकेंगे, उनका मस्तिष्क उतना ही अधिक सक्रिय होगा। और यह तभी संभव है जब बच्चे के अंदर आत्मविश्वास हो ।आत्मविश्वास व निर्भयता बच्चों के अंदर स्थापित करने का सहज सरल मार्ग है सहज योग । चैतन्य जो ध्यान के दौरान प्रवाहित होता है वो मस्तिष्क की कोशिकाओं को प्रकाशित कर उन्हें शक्तिशाली बनाता है और बच्चों में अभूतपूर्व परिवर्तन नजर आते हैं।अपने बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए सहजयोग ध्यान का अवसर प्रदान करें, जो पूर्णतया व सदैव निशुल्क है । आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

एकादशी व्रत 2023-पापमोचिनी एकादशी का शुभ मुहूर्त, कथा, पूजा विधि, उपाय, मंत्र, पारण और आरती

धर्म

पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

वर्ष 2023 में चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी यानी पापमोचिनी एकादशी 18 मार्च, शनिवार के दिन मनाई जा रही है। इस दिन भगवान श्री विष्णु का पूजन किया जाता हैं। मान्यतानुसार पापमोचिनी एकादशी सभी पापों का नाश करने वाली मानी गई है, यह व्रत तन-मन शुद्धि करता है तथा इस व्रत के दिन गलत कार्य न करने का संकल्प लेने का बहुत महत्व माना गया है, क्योंकि इस संकल्प से जीवन के सभी दुख और कष्ट दूर हो जाते हैं तथा मानसिक शांति मिलती है।

आइए जानते हैं इस व्रत के संबंध में संपूर्ण जानकारी- शुभ मुहूर्त, पूजा विधि, पारण, मंत्र, उपाय, आरती और पौराणिक कथा

पापमोचिनी एकादशी के मुहूर्त एवं पारण समय

पापमोचिनी एकादशी - 18 मार्च 2023, शनिवार

चैत्र कृष्ण एकादशी का प्रारंभ- 17 मार्च 2023, शुक्रवार को 02.06 पी एम से

पापमोचिनी एकादशी का समापन- 18 मार्च 2023, शनिवार को 11:13 ए एम पर।

19 मार्च को द्वादशी का समापन- 08:07 ए एम पर।

पारण/ व्रत तोड़ने का समय- 19 मार्च 2023, रविवार को 06:27 ए एम से 08 :07 ए एम पर।

दिन का चौघड़िया

शुभ- 07.58 ए एम से 09.29 ए एम

चर- 12.29 पी एम से 02.00 पी एम

लाभ- 02.00 पी एम से 03.30 पी एम वार वेला

अमृत- 03.30 पी एम से 05.01 पी एम

रात्रि का चौघड़िया

लाभ- 06.31 पी एम से 08.00 पी एम

शुभ- 09.30 पी एम से 10.59 पी एम

अमृत- 10.59 पी एम से 19 मार्च 12.29 ए एम तक।

चर- 12.29 ए एम से 19 मार्च 01.58 ए एम तक।

लाभ- 04.57 ए एम से 19 मार्च 06.27 ए एम तक।

पापमोचिनी कथा-

पापमोचिनी एकादशी कथा के अनुसार प्राचीन समय में चित्ररथ नामक एक रमणिक वन था। इस वन में देवराज इंद्र गंधर्व कन्याओं तथा देवताओं सहित स्वच्छंद विहार करते थे। एक बार मेधावी नामक ऋषि भी वहां पर तपस्या कर रहे थे। वे ऋषि शिव उपासक तथा अप्सराएं शिव द्रोहिणी अनंग दासी (अनुचरी) थी। एक बार कामदेव ने मुनि का तप भंग करने के लिए उनके पास मंजुघोषा नामक अप्सरा को भेजा।युवावस्था वाले मुनि अप्सरा के हाव भाव, नृत्य, गीत तथा कटाक्षों पर काम मोहित हो गए। रति-क्रीडा करते हुए 57 वर्ष व्यतीत हो गए। एक दिन मंजुघोषा ने देवलोक जाने की आज्ञा मांगी। उसके द्वारा आज्ञा मांगने पर मुनि को भान आया और उन्हें आत्मज्ञान हुआ कि मुझे रसातल में पहुंचाने का एकमात्र कारण अप्सरा मंजुघोषा ही हैं। क्रोधित होकर उन्होंने मंजुघोषा को पिशाचनी होने का श्राप दे दिया।श्राप सुनकर मंजुघोषा ने कांपते हुए ऋषि से मुक्ति का उपाय पूछा। तब मुनिश्री ने पापमोचिनी एकादशी का व्रत रखने को कहा और अप्सरा को मुक्ति का उपाय बताकर पिता च्यवन के आश्रम में चले गए। पुत्र के मुख से श्राप देने की बात सुनकर च्यवन ऋषि ने पुत्र की घोर निंदा की तथा उन्हें पापमोचिनी चैत्र कृष्ण एकादशी का व्रत करने की आज्ञा दी।व्रत के प्रभाव से मंजुघोष अप्सरा पिशाचनी देह से मुक्त होकर देवलोक चली गई। अतःजो कोई मनुष्य विधिपूर्वक इस व्रत को करता है, उसके सारों पापों की मुक्ति होना निश्चित है और जो कोई इस व्रत के महात्म्य को पढ़ता और सुनता है उसे सारे संकटों से मुक्ति मिल जाती है तथा उसके पापों का नाश होकर पुण्यफल की प्राप्ति होती है, ऐसा इस एकादशी का महत्व है।

पूजा विधि-

- एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान के बाद पीले वस्त्र धारण करके व्रत का संकल्प लें।
- घर के मंदिर में पूजा करने से पहले वेदी बनाकर 7 अनाज (उड़द, मूंग, गेहूं, चना, जौ, चावल और बाजरा) रखें।
- वेदी के ऊपर कलश की स्थापना करें और उसमें आम या अशोक के 5 पत्ते लगाएं।
- अब भगवान श्री विष्णु की मूर्ति या तस्?वीर स्थापित करें और पीले फूल, ऋतु फल और तुलसी दल समर्पित करें।
- फिर धूप-दीप से विष्?णु की आरती उतारें।
- शाम के समय भगवान विष्?णु की आरती उतारने के बाद फलाहार ग्रहण करें।
- पापमोचिनी एकादशी व्रत के दिन रात्रि में शयन नहीं करना चाहिए, बल्कि भजन-कीर्तन करते हुए जागरण करें।
- अगले दिन ब्राह्मण और गरीब को भोजन कराएं और दान-दक्षिणा देकर विदा करें।
- इसके बाद खुद भी भोजन कर व्रत का पारण करें।

एकादशी के उपाय-

- आपके पास गंगाजल हो तो एकादशी के दिन पानी में गंगा जल डालकर नहाएं।
- एकादशी के दिन पितृ तर्पण करें, इससे पितृ देव खुश होते है तथा श्री विष्णु प्रसन्न होकर सभी पापों को नाश करके सुख-संपन्नता का आशीष देते हैं।
- एकादशी के दिन भगवान विष्णु को सात्विक चीजों का भोग लगाएं तथा प्रसाद में तुलसी जरूर शामिल करें।
- एकादशी के दिन 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करते हुए सायं में तुलसी जी के सामने घी का दीया लगाएं।
- एकादशी व्रत कथा पढ़ने तथा सुनने मात्र से मनुष्य सब पापों से छूट जाता हैं तथा सभी सुखों को प्राप्त करके बैकुंठ पाता हैं।

भगवान श्रीविष्णु के मंत्रो का जाप करे-

1. **ॐ नमो भगवते वासुदेवाय।**
2. **ॐ विष्णवे नमः।**
3. **ॐ नमो नारायण। श्री मन नारायण नारायण हरि हरि।**
4. **श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारे। हे नाथ नारायण वासुदेवाय।।**
5. **ॐ नारायणाय नमः।**
6. **ॐ नारायणाय विद्महे। वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णु प्रचोदयात।।**
7. **ॐ हूं विष्णवे नमः।**

एकादशी की आरती-

ॐ जय एकादशी, जय एकादशी, जय एकादशी माता।
विष्णु पूजा व्रत को धारण कर, शक्ति मुक्ति पाता ।। ॐ।।
तेरे नाम गिनाऊं देवी, भक्ति प्रदान करनी ।
गण गौरव की देनी माता, शास्त्रों में वरनी ।।ॐ।।
मार्गशीर्ष के कृष्णपक्ष की उत्पन्ना, विश्वतारनी जन्मी।
शुक्ल पक्ष में हुई मोक्षदा, मुक्तिदाता बन आई।। ॐ।।
पौष के कृष्णपक्ष की, सफला नामक है,
शुक्लपक्ष में होय पुत्रदा, आनन्द अधिक रहै ।। ॐ ।।
नाम षटतिला माघ मास में, कृष्णपक्ष आवै।
शुक्लपक्ष में जया, कहावै, विजय सदा पावै ।। ॐ।।
विजया फागुन कृष्णपक्ष में शुक्ला आमलकी,
पापमोचनी कृष्ण पक्ष में, चैत्र महाबलि की ।। ॐ ।।
चैत्र शुक्ल में नाम कामदा, धन देने वाली,
नाम बरुथिनी कृष्णपक्ष में, वैसाख माह वाली ।। ॐ ।।
शुक्ल पक्ष में होय मोहिनी अपरा ज्येष्ठ कृष्णपक्षी,
नाम निर्जला सब सुख करनी, शुक्लपक्ष रखी।। ॐ ।।
योगिनी नाम आषाढ में जानों, कृष्णपक्ष करनी।
देवशयनी नाम कहायो, शुक्लपक्ष धरनी ।। ॐ ।।
कामिका श्रावण मास में आवै, कृष्णपक्ष कहिए।
श्रावण शुक्ला होय पवित्रा आनन्द से रहिए।। ॐ ।।
अजा भाद्रपद कृष्णपक्ष की, परिवर्तिनी शुक्ला।
इन्द्रा आश्विन कृष्णपक्ष में, व्रत से भवसागर निकला।। ॐ।।
पापांकुशा है शुक्ल पक्ष में, पाप हरनहारी।
रमा मास कार्तिक में आवै, सुखदायक भारी ।।ॐ ।।
देवोत्थानी शुक्लपक्ष की, दुखनाशक मैया।
पावन मास में करूं विनती पार करो नैया ।।ॐ ।।
परमा कृष्णपक्ष में होती, जन मंगल करनी।।
शुक्ल मास में होय पद्मिनी दुख दारिद्र हरनी ।।ॐ ।।
जो कोई आरती एकादशी की, भक्ति सहित गावै।
जन गुरदिता स्वर्ग का वासा, निश्चय वह पावै।।ॐ ।।

17 मार्च 2023, शुक्रवार का दैनिक राशिफल% किस्मत के मामले में आज किसके चमकेंगे सितारे, पढ़ें 12 राशियां

मेष राशि

आज का भविष्य -स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

उपाय - घर/व्यापारस्थल पर मंगल यंत्र स्थापित करके पूजा करने से नौकरी/बिज़नेस में तरक्की मिलेगी

शुभ अंक-9
शुभ रंग-सफेद
वृषभ राशि

आज का भविष्य - डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है। प्रमाद न करें।

उपाय - पारिवारिक खुशियों की प्राप्ति के लिए अपने पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए.

शुभ अंक-1
शुभ रंग-लाल
मिथुन राशि

आज का भविष्य-कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

उपाय - नरसिंह चालीसा व आरती पढ़ने से पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा.

शुभ अंक-4
शुभ रंग-क्रीम
कर्क राशि

आज का भविष्य - तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिलेगी। घर में मांगलिक कार्य हो सकता है।

उपाय - आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए गेहूँ के 11 दाने सूर्योदय के समय खाएं.

शुभ अंक-5
शुभ रंग-हरा
सिंह राशि

आज का भविष्य - चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

उपाय - सफेद संगमरमरी पत्थर पर सफेद चन्दन लगाकर जल प्रवाहित करने से पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा.

शुभ अंक-3
शुभ रंग-सिल्वर
कन्या राशि

आज का भविष्य - किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

उपाय - सफेद संगमरमरी पत्थर पर सफेद चन्दन लगाकर जल प्रवाहित करने से पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा.

शुभ अंक-7
शुभ रंग-पीला
तुला राशि

आज का भविष्य -स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी।

उपाय - मीठे चावल बनाकर गरीबों में बाँटने से आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी.

शुभ अंक-2
शुभ रंग-नीला
वृश्चिक राशि

आज का भविष्य - रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

उपाय - गर्लफ्रेंड/बॉयफ्रेंड से मिलने जाने से पहले घर से चीनी खाकर निकलना लव लाइफ के लिए लाभकारी है.

शुभ अंक-8
शुभ रंग-आसमानी
धनु राशि

आज का भविष्य -विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

उपाय - त्रिफला का सेवन किसी भी रूप में करने से स्वास्थ्य अच्छा होगा.

शुभ अंक-5
शुभ रंग-आरेंज
मकर राशि

आज का भविष्य - मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है। समय का लाभ लें।

उपाय - पारिवारिक जीवन की सुख शांति हेतु चाँदी की कटोरी में सफेद चन्दन, कपूर, सफेद पत्थर का टुकड़ा डालकर अपने बेडरूम में रखें.

शुभ अंक-7
शुभ रंग-कत्थई
कुंभ राशि

आज का भविष्य-भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

उपाय - गरीब छात्रों की पढ़ाई में सहायता करने से बुध ग्रह प्रसन्न होगा व प्रेम सम्बन्ध अच्छे रहेंगे

शुभ अंक-2
शुभ रंग-पीच
मीन राशि

आज का भविष्य -यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें।

उपाय - पॉवों के दोनों अंगूठों पर काला व सफेद धागा मिलाकर बाँधने से स्वास्थ्य में सुधार होगा.

शुभ अंक-5
शुभ रंग-क्रीम

सदैव प्रसन्न रहिये।
जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।

(जीवन चिंतन) अदम्य मनोबल एवं कठोर परिश्रम ही मनुष्य को जीवंत और श्रेष्ठ बनाते है

(ईश्वर प्रदत्त जीवन को समझिए)

संजीव ठाकुर

सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,

पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैंद्य यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता हैद्य मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया हैद्य मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता हैद्य एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता हैद्य जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैंद्य आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिएद्य

मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस ,संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्त्रोत होता है। किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क मदद करता है फिर चिंतन करता है और कार्य योजना सुनियोजित कर, अन थक परिश्रम कर उस दुरूह लक्ष्य को प्राप्त करता है ।आपका मन यदि हताश या निराश है तो आप किसी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं। इसीलिए मन को सदैव प्रफुल्लित उत्साहित एवं सकारात्मक सोच के साथ ताजा रखें,जिससे आने वाली परिस्थितियों का सामना कर एक नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं।

जीवन में दूसरे व्यक्तियों से पिछड़ने के कई कारण भी हो सकते हैं जिनमें से अपनी क्षमता तथा मानसिक शक्ति पर अविश्वास करना भी एक बड़ा कारण है, इसके साथ ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुनियोजित योजना,अपनी क्षमताओं का आकलन एवं कार्य के साथ कठोर श्रम भी अत्यंत आवश्यक सफलता के स्तंभ हैं, अति संपन्नता के बावजूद मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को असफलता का स्वाद चखना पड़ता है। इसीलिए जीवन में सफलता के लिए मानसिक स्थिति में दृढ़ता, कठोर संकल्प ,एवं निरंतर श्रम अत्यंत आवश्यक तत्व हैं। अपने जीवन को सफल बनाने एवं श्रेष्ठ जीवन की निर्मात्रि आपकी इच्छा शक्ति ऊर्जा और मानसिक संतुलन ही है। यदि मानसिक संतुलन में हताशा आई तो परिणाम त्रष्टाआत्मक भी हो सकते हैं,और यही कारण है कि चिंतकों दार्शनिकों और महान अध्यापकों ने कहा है कि मन को सदैव ऊर्जावान और सकारात्मक सोच से परिपूर्ण रख लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

नवरात्रि पर्व के दौरान टेकरी पर पुख्ता इंतजाम किये जायें -कलेक्टर श्री गुप्ता

नवरात्रि के संबंध में सभी तैयारियां 20 मार्च तक कर लें»»»टेकरी पर कंट्रोल रूम बनाये, कैमरे लगाये और 24 घण्टे मानिटरिंग करें»»»श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हों, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें»»»नवरात्रि के दौरान बेरिकेट्स एवं रोशनी की उचित व्यवस्था की जाए»»» नवरात्रि पर्व पर तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड। जिले में चैत्र नवरात्रि पर्व 22 मार्च से मनाया जाएगा। नवरात्रि पर्व की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में माँ चामुण्डा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह, अपर कलेक्टर श्री महेन्द्र सिंह कवचे, एएसपी श्री मंजीत सिंह चावला, नगर निगम आयुक्त श्री विशाल सिंह चौहान, एसडीएम श्री प्रदीप सोनी, सीएसपी श्री विवेक सिंह चौहान, डीएसपी ट्राफिक श्री किरण शर्मा, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत, नगर निगम, वन विभाग, यातायात, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शारदीय नवरात्रि में जिस प्रकार की तैयारियां की जाती है, उसी प्रकार की तैयारियां चैत्र नवरात्रि पर भी करें। नवरात्रि के संबंध में सभी तैयारियां 20 मार्च तक कर लें। टेकरी पर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हों, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। टेकरी स्थिति समस्त मंदिरों एवं सम्पूर्ण टेकरी क्षेत्र की चौबीसों घंटे साफ सफाई की जाये। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक दर्शन की सुविधा की दृष्टि से टेकरी पर पानी व छाया सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएगी। टेकरी पर कंट्रोल रूम बनाये, कैमरे लगाये और 24 घण्टे मानिटरिंग करें। मंदिर के आसपास मांस/मदिरा प्रतिबंधित रहेगी।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि नवरात्रि के दौरान बेरिकेट्स की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। टेकरी पर बिजली के तार सही करवाले। रोप वे का फिजिकल वेरिफिकेशन कर लें। लाइट की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। टेकरी पर समस्त मंदिरों, रपट मार्ग, सीढ़ी मार्ग, परिक्रमा मार्ग पर प्रकाश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। टेकरी पर सौंदर्यीकरण का कार्य कर लें। श्रद्धालूओं के सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था करें। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए टेकरी पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जाए। पानी के स्टॉल लगाने के लिए जगह चिन्हित करे लें। टेकरी पर जहां कारपेट की जरूरत है, वहां कारपेट बिछाये।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि टेकरी क्षेत्र में निर्बाध विद्युत व्यवस्था हो। विद्युत व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की तैनाती की जाये। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि नवरात्रि पर्व पर वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। अवैध पार्किंग पर कार्यवाही की जाये। दुकानों को व्यवस्थित लगवाये।

कलेक्टर श्री शुक्ला ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि नवरात्रि पर्व के दौरान दर्शनार्थियों की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाएं। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल लगाया जाए। परिक्रमा पथ पर चीता पार्टी द्वारा समय-समय पर गश्त लगाई जाए। पार्किंग व्यवस्था स्टेशन रोड, डीआरपी लाइन सीढ़ी मार्ग पर रहेगी।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने नगर निगम को निर्देश दिए कि मां चामुंडा टेकरी पर संपूर्ण साफ सफाई की व्यवस्था की जाए, टेकरी के प्रमुख स्थानों पर फिक्स डस्टबिन लगाए जाए एवं प्रतिदिन कचरे का संग्रहण किया जाए। फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करें। टेकरी क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट व अन्य लाइनों को दुरुस्त किया जाए। टेकरी पर पेयजल की व्यवस्था एवं टंकियों की साफ-सफाई की जाए। नगर निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। पुरुष एवं महिलाओं के लिए पर्याप्त अस्थाई प्रशासन की व्यवस्था की जाए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग टेकरी मार्ग पर लगायी जाने वाली रेलिंग की पुताई, रिपेरिंग संबंधी कार्य कर लें। नवरात्रि पर पार्किंग स्थल से लेकर सम्पूर्ण टेकरी क्षेत्र पर आवश्यक स्थानोंपर बेरीकेड की व्यवस्था करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि विद्युत विभाग टेकरी क्षेत्र की विद्युत के पोल, स्ट्रीट लाईट, झुलते तार को ठीक कर लें। विद्युत कनेक्शन की जांच करें। नवरात्रि के समय सम्पूर्ण टेकरी पर सतत विद्युत व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये। डीपीसी फेंसिंग करें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना हो।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि शंख द्वार, सीड़ी द्वार एवं जैन मंदिर पर मेडिकल काउंटर लगाएं। डाक्टरों एवं स्टॉफ की मय एंबुलेंस, ऑक्सीजन, दवाइयों के 24 घंटे ड्यूटी लगाएं। व्हील चेयर की व्यवस्था भी करें। माँ चामुण्डा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति लड्डू काउंटर एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था करें। माँ चामुंडा व माँ तुलजा भवानी मंदिर परिसर में आकर्षक साज-सज्ज करें। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दिशा-निर्देश के पोस्टर लगाएं।

बैठक में एसपी डॉ. शिवदयाल सिंह ने कहा कि दर्शनार्थी एक जगह इक्ट्ठा न हो इसका विशेष ध्यान रखें। नवरात्रि के दौरान अनाधिकृत पार्किंग नहीं होनी चाहिए। ट्राफिक कंट्रोल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएं। सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था करें।

लाडली बहना योजना की परिभाषा व उद्देश्य से आयुक्त द्वारा कर्मचारियों को अवगत कराया

आवश्यक जानकारी के लिए शिविर मे पेम्पलेट उपलब्ध

देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड। नगर निगम आयुक्त विशालसिह चौहान ने लाडली बहना योजना को महत्पूर्ण योजना बताते हुए योजना का हर पात्र हितग्राही महिला को शहर मे लाभ मिले इसको लेकर तथा ड्युटीरत कर्मचारियो को आ रही समस्याओ पर बैठक आहूत कर दिशा निर्देश देते हुए बताया कि लाडली बहना योजना का लाभ शहर की हितग्राही महिलाओ को मिले शासन की इस महत्पूर्ण योजना का शीघ्र ही क्रियान्वयन किये जाने हेतु शहर के सभी वार्डो मे सुविधा शिविर लगाये गये है। सुविधा शिविर मे कार्यरत कर्मचारियो को वार्डवार सूची उपलब्ध कराई गई है। जिसमे उस वार्ड के एमपी आन लाईन पोर्टल क्योस्क का स्थान एवं उनके मोबाईल नम्बर उपलब्ध रहेगें। जिससे हितग्राही महिला सुविधा शिविर के अलावा एमपी आन लाईन पोर्टल क्योस्क पर जाकर अपने दस्तावेजो का सुधार कर सरकार की महती योजना का लाभ

लेवें। हितग्राही महिलाओ को बैंको मे अपने खाता डीबीटी करवाना आवश्यक है तथा जिन महिलाओ का बैंक खाता नही है वे बैंक मे अपना खाता अवश्य खुलवायें। नगर निगम द्वारा हितग्राही महिलाओ को सुविधा शिविर मे लाडली बहना योजना का लाभ लिये जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश के साथ पात्र व अपात्र हितग्राही महिला की जानकारी उपलब्ध पेम्पलेट पर दी जा रही है शिविर से पेम्पलेट भी प्राप्त कर योजना का लाभ, पात्रता के लिए आवेदन, आवश्यक दस्तावेज, स्वंय के स्तर की जानकारी, समग्र को ई केवाईसी करने हेतु तथा आधार मे सुधार कार्य व बैंक खाता डीबीटी किये जाने हेतु समस्त जानकारी उपलब्ध पेम्पलेट के माध्मय से ले सकते है साथ ही उपलब्ध पेम्पलेट मे योजना मे महत्पूर्ण जानकारी हेतु क्युआर कोड अंकित किया हुआ है अंकित उस कोड से हितग्राही स्वंय अपना समग्र से ई केवाईसी करने के साथ ही समस्त जानकारी क्युआर कोड को अपडेट करने पर हितग्राही को समस्त जानकारी मिल सकेगी। वार्ड मे सुविधा शिविर प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक खुला रहेगा। आयुक्त द्वारा सभी ड्युटीरत कर्मचारियो को योजना की परिभाषा व मुख्य उद्देश्य से अवगत कराने के साथ ही उक्त योजना का धेर्य एवं संयम से कार्य करने हेतु तथा अपने वार्ड के जनप्रतिनिधियो का सहयोग भी प्राप्त करें।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों के अधिकारों से अवगत कराया

देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभात कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला जेल देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जेल निरीक्षण किया जाता है। इसमें बंदियों के अधिकार एवं उनके संरक्षण हेतु जेल निरीक्षण किया जाता है। साथ ही बंदियों के अधिकार के अंतर्गत बंदियों के प्रकरणों में अपील के अधिकार, विधिक सहायता के अंतर्गत लीगल एड डिफेंस काउंसेल के अंतर्गत कार्यरत प्रणाली से अवगत कराते हुए बताया कि अभियुक्त को अपनी प्रतिरक्षा करने के अंतर्गत निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाता है। साथ ही जेल निरीक्षण कर बंदियों के भोजन, स्वच्छ पीने के पानी, स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा सहित अन्य जेल व्यवस्थाओं को जायजा लिया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए सचिव श्रीमती निहारिका सिंह द्वारा जेल लोक अदालत आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में जेल अधीक्षक श्रीमती हिमानी मनवारे, उपजेल अधीक्षक, श्री अनिल दुबे, सहित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री राबिन दयाल उपस्थित थे।

बदनावर में महाकाल म्यूजिक क्लास का भव्य शुभारंभ हुआ

संगीत जिंदा जादू है इस कला को हर किसी को सीखने का प्रयास करना चाहिए

बदनावर/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड। बैजनाथ महादेव मंदिर के आगे जोशी मेडिकल के समीप गुरुवार को महाकाल संगीत क्लास का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री, सचिव नवीन चौहान एवं वरिष्ठ पत्रकार दिलीप सिंह चौहान उपस्थित थे। अतिथियों ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती का पूजन एवं फीता काटकर संगीत क्लास का भव्य शुभारंभ किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चे मोबाइल गेम एवं टीवी देखने में मगन हों जाते हैं। एक घंटा प्रतिदिन संगीत क्लास जाकर यदि वह संगीत का ज्ञान लेते हैं तो उनका मन आध्यात्म में लगेगा एवं मस्तिष्क का विकास होकर, उसकी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। संचालक अंकित परसाई द्वारा 2017 में बदनावर में पहली बार संगीत क्लास की शुरुआत की थी।

कोरोना संक्रमण के कारण 3 वर्ष से संगीत क्लास बंद हो गई थी। जिसे पुनः प्रारंभ किया गया संचालक पंडित अंकित पाराशर ने बताया की संगीत क्लास में विद्यार्थियों को गायन, हारमोनियम, की-बोर्ड, ढोलक, तबला, ऑक्टोपैड, बैंजो, गिटार, बांसुरी आदि बजाना सिखाया जाएंगे। इसके पहले 6 वर्षों से सिंफनी म्यूजिक एकेडमी के नाम से संगीत संस्था संचालित कर रहें थे। अब नाम बदलकर महाकाल संगीत क्लास के नाम से पुनः शुरुआत की गई हैं। हमारी संस्था धार, रतलाम, उज्जैन में 6 वर्षों में 700 से अधिक बच्चों को संगीत सिखा चुके हैं। जो भागवत कथा एवं अन्य छोटे बड़े आयोजनों में मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुवे, संगीत के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। इस मौके पर अशोक परसाई, निलेश परसाई, कन्हैयालाल दाधीच, रिंकू दाधीच, महेश सीरवी, सचिन दुबे, पारस राव, घनश्याम पाटीदार, स्वस्तिक त्रिवेदी, राजकुमारी परसाई, ज्योति परसाई, सपना दुबे, निकिता परसाई, सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह के निर्देशों पर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, आधा दर्जन युवाओं के पास से मिले धारदार हथियार

देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड। पुलिस ने शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें करीब आधा दर्जन युवाओं को चाकू सहित अन्य धारदार हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। पकड़ाए गए सभी युवाओं के पुलिस द्वारा अपराधिक रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं। इन सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया जाएगा। शहर के दो थाना क्षेत्रों में मंगलवार को चाकू बाजी की घटना हुई थी। जिसमें तीन नाबालिक युवक घायल हो गए थे। एक युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। इस घटना के बाद बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में घटना में घायल हुए युवाओं के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से चर्चा की थी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ शिवदयाल सिंह ने परिजनों को अपने बच्चों पर ध्यान देने के लिए समझाईश दी। इसके साथ ही कहा कि अगर आगे से फिर कोई अपराध होता है तो उसके लिए परिजन जिम्मेदार रहेंगे। कुछ थाना क्षेत्रों में धारदार हथियारों के साथ पकड़ाए गए युवकों का शहर के प्रमुख मार्गों पर जूलुस भी निकाला गया। पुलिस अधीक्षक डॉ शिवदयाल सिंह ने चेकिंग के दौरान बताया कि ऐसे नाबालिक युवक जो वाहनों पर चाकू, छुरा लेकर चलते हैं इनको पकडने के लिए बहुत ही सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसमें हमने सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस वाहनों की चेकिंग की जा रही है। अभी तक आधा दर्जन ऐसे लोग मिले है जिनके पास से धारदार हथियार जब्त कर उनके विरूद्ध अपराध दर्ज किया जा रहा है। नाबालिक इस प्रकार की हरकतें ना करें इसके लिए ना केवल यह सघन अभियान है। जिनके पास चाकू मिले थे उनके परिजनों को बुलाया और समझाइश देकर हिदायत दी कि अगली बार से इस तरह से पाया गया तो उनके परिजनों के ऊपर अपराध दर्ज किया जाएगा ना केवल अपराध दर्ज किया जाएगा अगर उनके अवैध निर्माणों को भी ध्वस्त किया जाएगा।

राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनान्तर्गत संचालनालय

बदनावर/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड। राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनान्तर्गत संचालनालय आयुष भोपाल (म.प्र.) के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी श्री रमेश चंद्र मुवेल के मार्गदर्शन में आज दिनाँक 16/03/2023 को आयुषग्राम काछीबड़ौदा द्वारा ग्राम करौंदा में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक चले शिविर में 345 मरिजो का स्वास्थ्य परीक्षण निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण का लाभ लिया साथ ही शिविर मे उपस्थित ग्रामीणजन को आयुष जीवन शैली अपनाने एवं घर आंगन में औषधीय पौधे रोपित करने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच श्री विष्णु पाटीदार, उपसरपंच श्री ईश्वर लाल जी धाकड़, श्री सीताराम जी पटेल एवं सुपरवाइजर श्री विजय दसोरे

जी ने किया। अतिथियों का स्वागत काछीबड़ौदा आयुष ग्राम प्रभारी डॉ चंद्रशेखर पाटीदार ने किया शिविर में डॉ. पुष्पराज सिंह चौहान, डॉ अमर गर्वे, डॉ. रीना तोमर, डॉ. सरिता चौहान, श्री सोहन सिंह जी पवार, श्री राधेश्याम मुवेल, श्री बलराम चौहान श्री राधेश्याम चौहान, निलेश, श्रीमती सेवकली भागदिया, श्रीमती वर्षा गहलोत , श्री मोहम्मद मजीद खान ने अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम का संचालन कानवन के आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. केके पाटीदार ने किया।

केंद्रीय मंत्री कुलस्ते का बदनावर में किया स्वागत

बदनावर/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड। केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री व अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद प्रदेशाध्यक्ष फग्गनसिंह कुलस्ते गुरुवार को सरदारपुर जाते समय यहां बड़ी चौपाटी पर रुके। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने पार्टी की चल रही गतिविधियों व बूथ विस्तार अभियान को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चे प्रदेश सहमीडिया प्रभारी नरेंद्र राठौड़, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री मनोज सोमानी, भाजपा नेता शिवरामसिंह रघुवंशी, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद जिला महामंत्री गिरधारी मंडलोई, मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व उपाध्यक्ष ईश्वरलाल पाटीदार, सरपंच संघ अध्यक्ष सुंदरलाल जाट, मनोज सोलंकी आदि उपस्थित थे।

ना कोई चंदा नाही सहयोग राशि किसी से ली जा रही है धर्म के नाम पर

पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा का संपूर्ण खर्च उठा रहे है -शरद सिंह सिसौदिया

कुम्भ मेला जैसा होने वाला है आयोजन

बदनावर/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड। अधिकतर धार्मिक एवं सार्वजानिक आयोजन कराने के लिए आयोजकगण आम जनता, उद्योगों या सरकारी कार्यायल से सहयोग निधी एकत्रित कर आयोजन करते है। अधिकतर आयोजन कराने वाले राजनैतिक दल से संबंध रखते है। परंतु कोटेश्वर में 24 मार्च से होने वाली पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण का आयोजन प्रदेश कांग्रेस के महा सचिव शरदसिंह सिसौदिया सम्पूर्ण स्वयं उठा रहे है। किसी से भी आर्थिक सहयोग के नाम पर परेशान नही किया जा रहा है। जब यह विषय के बारे में क्षेत्र की जनता को पता चला तो आमजन के साथ ही भाजपा के भी सेकड़ो कार्यकर्ता सिसौदिया के इस नेक कार्य की प्रशंसा करने में ना चुक रहे है एवं जो किसी भी रूप से सोशल मीडिया पर वोरोध स्वरुप लेख लिख रहे है उनको भी लताड़ लगाने में पीछे नहीं रह रहे है। सिसौदिया का इस कथा से क्षेत्र में वर्चस्व बढ़ना स्वभाविक है। अपने हॅसमुख एवं मिलनसार छवि के कारण कुछ ही समय में बदनावर विधानसभा का प्रत्येक ग्राम मे अपनी पकड़ बनाने में कामियाब रहे है। क्षेत्र में कही भी मांगलिक कार्यक्रम हो या दुःख की घडी हो सिसौदिया बिना देर किये पहुंच जाते है।

होने वाली कथा उक्त कथा में बिना संकोच के हर वर्ग के लोग जुड़ रहे है एवं कई संघठन के द्वारा भी आवश्यक सेवा देने में तन मन से लगे है। हर कोई चाहता है की कथा में आने वाले श्रद्धालुओ की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हो। क्योकि पंडित मिश्रा की कथा जहां भी होती है वहा मानो कुम्भ मेला का आयोजन हो रहा है।

पाटीदार समाज संगठन की बैठक में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति बदनावर में स्थापित करने का निर्णय लिया

कुछ ही समय में 199300 की राशि मूर्ति स्थापना के लिए एकत्रित हो गई

बदनावर/दैनिक मालावा हेराल्ड। पाटीदार समाज संगठन द्वारा श्री अंबिका आदर्श विद्यालय बदनावर में संगठन को लेकर एक बैठक आहूत की गई। बैठक में समाज जनों ने अलग अलग विषय पर अपना पक्ष रखा एवं छह महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

पाटीदार समाज तहसील अध्यक्ष मिनेश पाटीदार, ने बताया कि बदनावर नगर में लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापना करने के लिए समाज जनों से चर्चा हुई, शीघ्र स्थान चयन कर सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति स्थापित की जाएगी । पाटीदार समाज के बदनावर तहसील में रहने वाले प्रत्येक परिवार की जानकारी का डाटा तैयार किया जायेगा। ग्राम इकाई की बैठक कर नवीन सदस्य जोडे

जायेंगे। पाटीदार समाज संगठन को चलाने हेतु धन संग्रह योजना बनाना। नगर स्तर पर सामाजिक व प्रतिभाओं का सम्मान करना। सामाजिक कुरीतियों पर विचार कर नियम बनाकर लागू करना आदि विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने के लिए धन संग्रह का कार्य भी शुरू किया। इसमें भामाशाह पाटीदार समाज की तहसील अध्यक्ष सारिका सुरेश पाटीदार की ओर से 1 लाख देने की घोषणा की जिसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। विवेक पाटीदार 50 हजार रुपए, मनोज पाटीदार खेड़ा 11 हजार, रवि पाटीदार 11 हजार, सरदार पटेल युवा संगठन तहसील अध्यक्ष मुरली पाटीदार 11 हजार, संदीप पाटीदार ढोलाना 11 हजार, गजानन पाटीदार 1100, तेजस पाटीदार 2100 रुपए, यशवंत पाटीदार 2100 देने की घोषणा की गई।

संचालन गोवर्धन पाटीदार ने किया, इस मौके पर

सरदार युवा संगठन तहसील अध्यक्ष मुरली पाटीदार, महिला संगठन की सारिका सुरेश पटेल, पाटीदार न्यास अध्यक्ष रामेश्वर मुकाती, शारदा दीदी, रमेश पटेल, पर्यावरण प्रेमी अमृत पाटीदार, कैलाश पटेल, शंकर लाल चौधरी, सुभाष पाटीदार, प्रेम नारायण पाटीदार, राजेश पाटीदार, रतन पाटीदार, घनश्याम पाटीदार, कैलाश कामदार, हवंती लाल, बंसीलाल पाटीदार, राजेश पाटीदार सहीत सभी गांव से नगर अध्यक्ष भी उपस्थिति थी। उक्त जानकारी तहसील अध्यक्ष मिनेश पाटीदार ने दी।

स्वच्छता की पाठशाला का हुआ आयोजन नगर परिषद ने किया सफाई कर्मियों को सम्मानित

सोयत कला/दैनिक मालवा हेराल्ड। स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2023 के अंतर्गत गुरुवार को नगर परिषद में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान सफाई मित्रों की क्षमता वर्धक कार्यशाला में ऑडियो व वीडियो के माध्यम से तकनीकी रूप से सफाई करने और स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। इसके पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ अशोक मेहरा,प्रमोद जाटव, रामगोपाल पाटीदार , पूजा शाक्य सहित अन्य कर्मचारियों ने सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके बाद सफाई क्षेत्र में श्रेष्ठ काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान नगर परिषद सीएमओ अशोक कुमार पांचाल, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्कर राज सिंह जादौन, उपाध्यक्ष राजेश बैरागी, पार्षद प्रतिनिधि देवेंद्र दांगी, वल्लभ दांगी, अभिषेक पालीवाल, लालचंद कुशवाह दयाराम कुशवाह, राजेश जायसवाल, गिरराज गुप्ता , प्रकाश जाटव उपयंत्री दीपिका खत्री, आशीष भावसार दिनेश दांगी , ब्रांड एंबेसडर अमेय नाबर सहित अन्य परिषद कर्मचारी मौजूद थे।

स्टेडियम ग्राउंड या कृषि उपज मंडी से संचालित हो सकती हैं बसें

नपाध्यक्ष ने मेले की व्यवस्थाओं के लिए किया बस स्टैंड का निरीक्षण, अधिकारियों से चर्चा के बाद लेंगे निर्णय

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। आगामी दिनों में शहर में चैत्र नवरात्रि का पर्व शुरू हो रहा है। इस दौरान यहां मेले का भी आयोजन होता है। यहां आने वाले लोगों व व्यापारियों को समस्या न हो और उन्हें सुविधाएं मिल सके इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष सहित सभापति व पार्षदों ने व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की।

नपाध्यक्ष प्रेम जैन ने बताया कि मेले में बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। ऐसे में यहां भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में बसों के संचालन के लिए एक तो एबी रोड स्थित कृषि उपज मंडी से या फिर स्टेडियम ग्राउंड से बसों के संचालन के लिए विचार किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन से चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। इसके अलावा बस स्टैंड पर लोगों के लिए बनाए गए टीनशेड पर जिन लोगों ने कब्जा कर रखा है उन्हें भी वहां से कब्जा हटाने के लिए कहा गया है। वहीं माता मंदिर के सामने लगी गुमटियों को भी हटाकर लोगों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसके लिए पूरे मेला परिसर और बस स्टैंड का निरीक्षण किया गया है।

मेला परिसर में आ रहा गंदा पानी, समाजजनों से भी की चर्चा

हाइवे पर स्थित मस्जिद से गंदा पानी बहकर मेला प्रांगण में फैल रहा है। जिससे यहां पर गंदगी पसर रही है। इस समस्या के समाधान के लिए नपाध्यक्ष ने मस्जिद की समिति और समाजजनो को बुलाकर समस्या का निराकरण करवाने के लिए समझाइश दी। देर शाम मेला प्रांगण पहुंचे नपाध्यक्ष जैन व अन्य जनप्रतिनिधियों ने पूरे प्रांगण का निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने यहां पर मेले के दौरान लगाई जाने वाली दुकानों के स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। साथ ही नपा के अमले को व्यवस्थाएं पूरी तरह करने के लिए निर्देशित किया। इसी दौरान जब मेला प्रांगण के एक ओर पहुंचे नपाध्यक्ष ने देखा कि हाइवे पर स्थित खड़खड़िया मस्जिद से गंदा पानी निकलकर सीधे मेला प्रांगण में फैल रहा है। इससे यहां पर मेले के दौरान खासी परेशानी आएगी। क्योंकि जिस स्थान पर ये पानी फैल रहा है वहां पर झूल भी लगते है। इसके चलते नपाध्यक्ष ने मस्जिद समिति के सदस्यों को बुलवाकर इसके संबंध में चर्चा की। बताया जाता है कि यहां पहुंचे मुस्लिम समाजजनों ने कहा कि वो तो कोर्ट से केस जीत गए हैं। इस पर नपाध्यक्ष ने मस्जिद से निकलकर मेला प्रांगण में फैल रहे गंदे पानी की समस्या का निराकरण करने के लिए कहा। यहां पहुंचे मुस्लिम समाजजनों ने नपाध्यक्ष द्वारा दी गई समझाइश के बाद मामले में समाज के अन्य लोगों से चर्चा करने की बात कही।

बाकी रह जाएगा

मत सोचो कोई क्या सोचेगा
जिसको जो समझना है ,वो समझेगा!
मत सोचो कोई क्या कहेगा
जिसको जो कहना है ,वो कहेगा!
हर कोई हमें अच्छा समझे
ये संभव तो नहीं होगा!
नजर और नजरिया का फर्क
हर कहीं नजर आएगा!
एक का भला दूसरे का बुरा बन जाएगा
एक का अच्छा दूसरे के लिए खराब हो जाएगा !
चाहे कितना भी संतुलन बना लें
कुछ- न-कुछ असंतुलित रह जाएगा !
चाहे कितना भी कोशिश कर ले
जीवन में कुछ - न-कुछ बाकी रह ही जाएगा !

- विभा कुमारी नीरजा

गज़ल

उनका वही मुहरा खास होता है
जिनके यहाँ सदा उजास होता है
पेट जिनका भरा रहे हरदम यहाँ
भूख का न उसे एहसास होता है
झोपड़ियों में आए कैसे रौशनी
जबकि महलों में ही कैद उजास होता है।
भीतर से गंदे है मगर ऊपर से
उनका तो उजला लिबास होता है
जो भी आता है मसीहा यहाँ पर
आम आदमी तो निरास होता है
भ्रष्ट लोगों का ज़माना है भाई
इसी से देश का विनास होता है
जय बोलते वही चमचे-चाटुकार
जो रमेश के आसपास होता है

-रमेश मनोहरा

हैंडब्रेक उतारते ही नाले में गिरी कार, जेसीबी से निकाला

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। बस स्टैंड पर खुले हुए नाले में एक कार जा फंसी। कार को जेसीबी और क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। कार नाले के खड़ी हुई थी और जैसे ही चालक ने हैंड ब्रेक उतारा, वह नाले में जा गिरी। इसके पहले भी एक मैजिक वाहन इस नाले में गिर चुका है। बस स्टैंड क्षेत्र में निकलने वाला यह नाला खुला हुआ है जिसमें आएं दिन घटना घटित होती रहती है। वाहनों के अलावा पशु भी इस नाले में गिरे, जिन्हें स्थानीय दुकानदारों ने बाहर निकाला। यह पहला मामला नहीं है बल्कि यह खुला नाला शहरवासियों के लिए मुसीबत बना हुआ है। यहां आए दिन हादसे होते रहते है। कई बार इसमें गिरकर आए दिन जानवर भी घायल होते रहते हैं, जिन्हें नगरवासियों द्वारा निकाला जाता हैं। यहां आए दिन अधिकारियों के दौरे भी होते हैं, लेकिन आज तक इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। नतीजन गुरूवार को फिर यह हादसा हो गया।

कायस्थ कल्याण बोर्ड को लेकर ज्ञापन दिया

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा द्वारा समाज के गरीब बच्चों की शिक्षा में सहायता, कायस्थ समाज के शिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार में सहायता एवं सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता, समाज के उत्थान हेतु शासन की ओर से कायस्थ कल्याण बोर्ड के गठन किए जाए आदि मांगों को लेकर अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगेंद्र माथुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन माननीय कलेक्टर महोदय को सौपा गया। ज्ञापन सोपते समय अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेंद्र माथुर, रविंद्र श्रीवास्तव, हेमंत सक्सेना, चेतन श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, शशि कला श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

नगर परिषद ने किया सफाई मित्रों का सम्मान

स्वच्छता की पाठशाला का हुआ आयोजन

अकोदिया /किशोर नाथ राजगुरु /दैनिक मालवा हेराल्ड। नगर को साफ सुधरा एवं स्वच्छ रखने में सफाई मित्रों की प्रमुख भूमिका है।नगर स्वच्छ रहेगा गंदगी नहीं रहेगी तो बिमारियां भी नहीं होगी हमारे सफाई मित्र समाज को स्वस्थ बातावरण उपलब्ध करा रहे है यह बात अकोदिया नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन शर्मा ने बुधवार को निकाय स्तरीय स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम के अवसर पर व्यक्त किये नगर के श्री बालाजी गार्डन मे अयोजित स्वच्छता की पाठशाला एवं सफाई मित्रो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमे नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के तरीकें बताए गए स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार जीरो वेस्ट इवेंट पर आयोजित किया गया। जिसमें प्लास्टिक का बिल्कुल भी उपयोग नही हो इस आधार पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया इस दौरान अतिथियो द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 मे अकोदिया को नंबर1 बनाने के लिए नगर वासियों से सहयोग करने की अपील की इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रचना सचिन शर्मा उपध्यक्ष रानू मेवाड़ा पार्षद एवं पत्रकार उपस्थित थे।

शासकीय कार्य में बाधा एवं गाली-गलौच पर मामला दर्ज 353, 506, 294 धारा लगाई गई

बकाया की राशि के कारण कनेक्शन काटने के बाद उपभोक्ता। बार-बार अवैध कनेक्शन जोड़ लिया करता था स्टॉफ और मुझसे की गाली गलौज - कनिष्ठ यंत्री परालिया

पचोर/हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड। नगर थाने में बुधवार गुरुवार को विद्युत मंडल के कर्मचारियों से अभद्रता एवं गाली गलौज करने तथा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का आवेदन कनिष्ठ यंत्री द्वारा दिए जाने पर मामला दर्ज किया गया है! विद्युत मंडल के कनिष्ठ यंत्री श्री परालिया के अनुसार रवि पिता अशोक कुमार खटीक के सर्विस क्रमांक ह्र 248200159 , सर्विस क्रमांकह्र 2482 008414 तथा चेतन पिता अशोक खटीक सर्विस क्रमांक ह्र 2482 000 792 पर क्रमशः रुपए 59998/ रूपये 79630 / रूपये 24007/ इस प्रकार कुल मिलाकर एक लाख 63 हजार के लगभग बकाया चल रहा था! बकाया होने पर उपभोक्ता का कनेक्शन पूर्व में काट दिया गया था! किंतु बुधवार 15-03 23 को कनिष्ठ यंत्री एवं अपने अधिनस्थ स्टाफ द्वारा कनेक्शन चेक करने पर लाइट चालू पाई गई तो पुनः कनेक्शन काटने पर दुर्गेश पिता अशोक खटीक द्वारा कनेक्शन काटने के कार्य में बाधा पहुंचाई एवं मोबाइल से फोटो खींचने पर विद्युत कर्मचारी नंदन सिंह राजपूत का मोबाइल छीनने की कोशिश कर पूरे स्टाफ को गाली गलौज की एवं शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई! कनिष्ठ यंत्री ने आगे बताया कि इनका बार-बार कनेक्शन काटने पर पुनः अवैध रूप से जोड़ लिया जाता है एवं बलपूर्वक लाइनमैन को भगा दिया जाता है इस हेतु थाने में आवेदन देकर संबंधित के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराकर शासकीय कार्य में बाधा एवं गाली गलौज करने पर उपभोक्ता के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है! जिस पर पुलिस टी आई डीपी लोहिया के अनुसार भारतीय दंड संहिता की धारा 353 506 294 के तहत दुर्गेश पिता अशोक कुमार खटीक पर मामला दर्ज कर लिया गया है!।

भावनानी के भाव

राजनीति में महिलाओं की इक़ल भागीदारी बनाना हैं

महिलाओं को राजनीति में
सशक्त बनाना है
वास्ते यह कौशल विकास
का काम शुरू है

राजनीति में महिलाओं की
भागीदारी पुरुषों के तुल्य बड़े
ऐसा रणनीतिक रोडमैप
ज़ोरशोर से शुरू है

राष्ट्रीय महिला आयोग ने
राजनीति में महिलाओं के लिए
क्षमता निर्माण करने शी इज ए किंग मेकर
कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है

ग्राम पंचायत से लेकर संसद सदस्यों तक
राष्ट्रीय राज्य दलों की कार्यकर्ताओं सहित
अखिल भारतीय क्षमता निर्माण
कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है

उद्देश्य महिला राजनीतिक नेताओं की
क्षमता का निर्माण करना शामिल है
संवाद कौशल भाषण लेखन संबंधित
तकनीकों को सिखाने की शुरुआत कर दी है
- एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी

शाजापुर के एरिका हॉस्पिटल में लगी आग

कोतवाली पुलिस और हॉस्पिटल कर्मचारियों ने आग पर पाया काबू

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। शहर के भगतसिंह मार्ग स्थित एरिका हॉस्पिटल में शॉर्ट सर्किट के चलते काउंटर के पास अचानक आग लग गई। आग देखते ही हास्पिटल के कर्मचारियों ने अग्निशामक यंत्र से बुझाने का प्रयास किया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई। कोतवाली पुलिस के जवानों और हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने 15 से 20 मिनट में ही आग पर काबू पा लिया और बड़ा हादसा होने से बचा लिया। हॉस्पिटल में काउंटर के यहां अचानक आग की लपटें मध्यरात्रि के बीच दिखाई देने लगी। एक कर्मचारी ने देखते ही घटना की जानकारी दी। तत्काल आग बुझाने के लिए हॉस्पिटल में लगे अग्निशामक यंत्र का उपयोग किया गया। इसके अलावा पानी भी डाला गया।

विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृतति पर शिक्षक प्रमोद दीक्षित का स्वाफा, स्मृति चिन्ह आदि उपहार से सम्मानित किया



पचोर/हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड। प्राथमिक विद्यालय गंगाहोनी में पदस्थ शिक्षक प्रमोद दीक्षित के सेवानिवृतति पर का विद्यालय परिवार द्वारा उनका विदाई समारोह किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें फूल माला, अंगवस्त्र, स्वाफा, स्मृति चिन्ह आदि उपहार से सम्मानित किया गया । इस मौके पर वरिष्ठ नेता दामोदर लहरी ने कहा शिक्षक अपने जीवन में कभी अवकाश ग्रहण नहीं करते वे हमेशा अपने शिक्षा की ज्योति से हर समय समाज को बेहतर जीवन शैली को बढ़ावा देकर सुझाव देते रहते है। मण्डल अध्यक्ष विकास दीक्षित ने कहा कि सेवानिवृत्त होना परंपरा है। जिसे हर कर्मियों को निभाना पड़ता है। आज के दौर में शिक्षकों की बदौलत समाज बदलाव की दिशा में काम कर रही है इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक प्रमोद दीक्षित ने कहा कि उन्हें विद्यालय की ओर से जो सम्मान, प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद मिला उसे कभी भूल नहीं सकते हैं। उन्होंने की 39 वर्ष से अधिक के सेवाकाल में सभी का सहयोग मिला है। इस मौकेपर समाज सेवी केदार सिंह पूर्व सरपंच बिरम सिंह पूर्व पार्षद अशोक दीक्षित, योगेश दीक्षित सहित सभी स्टाफ ओर अन्य लोग उपस्थित रहे।

पी एच ई मंत्री से मुलाक़ात कर विभाग की जिले में कार्यप्रणाली से कराया अवगत

ग्रामीण क्षेत्र में जल पहुंचाने पर जताया आभार»»» पूर्व विधायक यादव के नेतृत्व में मिला प्रतिनिधिमंडल

पचोर/हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड। गत बुधवार को मध्य प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई मंत्री बृजेंद्र सिंह यादव से भोपाल में उनके निवास पर पूर्व विधायक अमर सिंह यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की! मुलाकात करने वालों ने ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई का जल उपलब्ध कराने के लिए पीएचई मंत्री तथा मध्य प्रदेश शासन का आभार व्यक्त किया! वहीं शहरी क्षेत्र में चल रहे धीमे कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों पर कसावट लाने का भी आग्रह किया! प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री श्री यादव से जिले का दौरा कर वस्तुस्थिति से अवगत होने का आग्रह किया जिस पर मंत्री महोदय ने विधानसभा सत्र के बाद अति शीघ्र राजगढ़ जिले का दौरा करने की बात कही! प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक अमर सिंह यादव पचोर नगर पूर्व भाजपा अध्यक्ष कमल सक्सेना भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य मन्नू मनीष यादव मनीष मेवाड़ा सहित अन्य लोग शामिल थे!

ये मौसम चितचोर

पगली पगली ये पवन ,मन को करे विभोर ,
धीमे धीमे बह रही ,करे नहीं वो शोर।

पगलाई पावन पवन ,बौराया है आम ,
अलसाई सी धूप है ,बासन्ती है शाम।

फैले खुशबू फूल की ,जिधर पवन का जोर ,
बागों में बिखरे रहे ,फागुन जी हर ओर।

शीत पवन की आहटें ,भ्रमर दलों का गान ,
हुई सुबह संगीतमय ,सुन कोयल की तान।

पवन सुहानी बह रही ,बगिया में हर ओर ,
फागुन के रंग में रंगा ,ये मौसम चितचोर।

-महेंद्र कुमार वर्मा

आलेख-क्या महिलाओं को सशक्त होने की आवश्यकता है?

मनुष्य को मुख्य दो लिंगों में बांटा गया है- पुरुष और स्त्री। पुरुष शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होते हैं और कठिन परिस्थितियों का सामना कर सकते हैं, जबकि महिलाएं भावनात्मक और शारीरिक रूप से कमजोर होती हैं। उन्हें विभिन्न कारणों से समर्थन की आवश्यकता है। यद्यपि महिलाएं आनुवांशिक रूप से घरेलू कार्यों में दक्ष होती हैं और घरेलू जिम्मेदारियों को आसानी से पूरा करती हैं। भावी पीढ़ी और संतान के लिए, पुरुषों और महिलाओं दोनों की समान भूमिकाएं और जिम्मेदारियां हैं। अभी भी कुछ पहलुओं में, जहाँ तक बच्चों के पालन-पोषण की बात है, महिलाएँ पुरुषों से आगे निकल जाती हैं। विवाह एक ऐसा यज्ञ है जो संतान को पालने में मदद करती है अन्यथा पुरुष और महिला दोनों अलग-अलग जीवित रह सकते हैं। उस स्थिति में कोई परिवार नहीं होगा और उसके कारण समाज एक आकार नहीं ले सकता। इस प्रकार पुरुष और स्त्री एक परिवार की इकाई बनाते हैं और परिवार के प्रत्येक सदस्य की निर्धारित भूमिकाओं द्वारा पूरा परिवार परस्पर प्रेम और स्नेह की डोर से बंधा रहता है।

एक महिला अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करती है और परिवार के सभी सदस्यों की किसी न किसी तरह से सेवा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देती है और ज्यादातर वह घरेलू जिम्मेदारियों पर केंद्रित होती है। इसी तरह, एक व्यक्ति परिवार के अस्तित्व के लिए कमाने और परिवार के प्रत्येक सदस्य के हितों की रक्षा करने के लिए अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को पूरा करता है। इस प्रकार, पारिवारिक उत्तरदायित्वों के संबंध में, भूमिकाएं और उन्हें पूरा करने की प्रतिबद्धता सामान्य स्थिति में लगभग निर्धारित होती है और चीजें सुचारू रूप से चलती रहती हैं। लेकिन रेखीय पैटर्न में ऐसा कभी नहीं होता है। अपेक्षाएं, इच्छाएं और आकांक्षाएं लोगों की आँखों पर पट्टी बांध देती हैं और वे अपनी-अपनी सीमाओं को भूल जाते हैं और ईर्ष्या, क्रोध, अहंकार आदि की क्षुद्र प्रवृत्तियों से प्रभावित होकर निहित स्वार्थों के लिए एक-दूसरे से टकराते हैं और जाने-अनजाने, जानबूझकर और अनजाने में अतिव्यापी हो जाते हैं।

यह ठीक ही कहा गया है कि मनुष्य की प्रकृति का पूर्व अनुमान लगाना काफी कठिन है। यह मानव मन है जो एक ही बिंदु पर एक दूसरे से भिन्न होता है और कई बार यह सामंजस्य स्थापित करना और काम करना और एक साथ रहना काफी कठिन हो जाता है क्योंकि कुछ स्वामित्व वाले आरक्षणों के कारण अंतर बढ़ जाता है। ऐसे में अगर अंत में विवाद का समाधान नहीं होता है तो रिश्ता टूटना लाजिमी है। तलाक का मामला पति-पत्नी दोनों को आर्थिक और मानसिक रूप से दयनीय बना देता है और एक परिवार नष्ट हो जाता है खत्म हो जाता है । ऐसे में दोनों को ही काउंसलिंग और सपोर्ट की जरूरत होती है। स्त्री की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। यह उनके लिए पारस्परिक निर्भरता से समर्थन की कमी के लिए एक प्रकार का संक्रमण है। ऐसे में खासकर महिला को आर्थिक रूप से सपोर्ट की सख्त जरूरत होती है क्योंकि मानसिक रूप से वह खुद को समेट लेती है। यही कारण है कि लड़कियों को अच्छी तरह से शिक्षित किया जाना चाहिए ताकि वे अपने जीवन में ऐसी किसी भी अनिश्चित स्थिति से बचने के लिए वो स्वयं अपने को तैयार कर सके और अपने जीवन यापन के लिए किसी के आगे हाथ न फैला सकें।

कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि की स्थिति में, गृहिणी से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने अनिवार्य पारिवारिक कर्तव्यों के अलावा परिवार का समर्थन करने के लिए भी पैसा कमाए इसलिए उसे उचित शिक्षा के साथ-साथ सशक्त होने की जरूरत है।

पुरुषों की तरह खुलेपन और स्वतंत्रता की वर्तमान प्रवृत्ति, महिलाओँ में भी है, वो अपनी गुप्त इच्छाओं या महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की चाह संजोती हैं। समाज में बढ़ती जागरूकता जो लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देती है, महिलाओं के सशक्तिकरण की भावना पैदा करती है। आजकल शिक्षित लड़कियां और महिलाएं हाई प्रोफाइल नौकरियां करने और पेशेवर रैंकिंग के अनुसार अपनी स्थिति बनाए रखने में अपने पुरुष समकक्ष से कम महसूस नहीं करती उनसे भी उम्मीद है। यहां महिलाओं के सशक्तिकरण का भी मामला है।

चूंकि हाल ही में सरकार द्वारा भारत की महिलाओं को उच्च अधिकारियों के रूप में सेना में भर्ती किया जा रहा है। सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में विभिन्न विभागों में नौकरियों के लिए पहले से ही महिला कर्मचारियों के लिए सीटें आरक्षित हैं। प्राथमिक शिक्षा और बैंकिंग जैसी कुछ सेवाओं और अन्य नौकरियों में, जिनमें इनडोर सेवाओं की आवश्यकता होती है, महिलाओं को सबसे उपयुक्त विकल्प साबित किया गया है।

मेरे विचार से शिक्षित लड़कियों/महिलाओं में अपनी पसंद की नौकरी खोजने की बढ़ती प्रवृत्ति उचित शिक्षा के माध्यम से 'महिला सशक्तिकरण' का सकारात्मक संकेत है। आजकल लड़कियाँ इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, कानून, अनुसंधान, खेल, सेना और मानव प्रयासों के लगभग सभी क्षेत्रों में खुद को ले जा रहीं हैं। यह महिला सशक्तिकरण का स्वाभाविक सकारात्मक रुझान है जिसे कोई रोक नहीं सकता।

युवा लड़कियों और महिलाओं द्वारा जूडो/कराटे सीखना और कुछ नहीं बल्कि खुद को समय रहते खुद को बचाने के लिए पुरुषों की तरह सशक्त बनाना है। बलात्कार, अपहरण, छेड़छाड़ आदि के मामले कम हो रहे हैं क्योंकि लड़कियों और महिलाओं को खुद का बचाव करना सिखाया जाता है और अपराधियों को दंडित करने के लिए सख्त कानून भी बनाए जाते हैं। सामान्य तौर पर महिला सशक्तिकरण की भावना तब पैदा होती है जब माता-पिता अपने ही लड़के और लड़कियों के बीच भेदभाव नहीं करते हैं और उन्हें शिक्षित करने, उन्हें खिलाने, दवा देने और उनकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए समान व्यवहार करते हैं। फिर भी महिलाओं और पुरुषों के बीच जो भी भेदभाव सामने आता है, उनमें से ज्यादातर जानबूझकर बनाए जाते हैं या थोपे जाते हैं और यह गलत है।

पुरुष प्रधान समाज होने के कारण जहाँ बेटियों को हम सशक्त बना तो देते हैं पर जब देखते हैं वो हमसे इज्जत और चार पैसे ज्यादा कमा रही है तो बस शुरू हो जाता है जीवन में क्लेश, लग जाती है पुरूष के पौरूष को ठेस और बेकार के आरोप लगाकर कर दिए जाते हैं चार दीवारी में कैद, लग जाती हैं पैरों में बेड़िया, कह दिया जाता है बहुत छूट दे दी गयी अब संभालों अपनी घर-गृहस्थी, ज्यादा उड़ने की जरूरत नहीं ।

कहीं- कहीं पुरुष प्रधान समाज के उदार रवैये के कारण भी महिलाओं में सशक्तिकरण की बढ़ती भावना आजकल काफी सकारात्मक संकेत है।

सदियों पुरानी रूढ़िवादी सामाजिक परंपराओं के कारण अभी भी महिलाओं की अधीनता और दमन मौजूद है। जब तक महिलाओं को पुरुषों के हाथों में केवल भोग की वस्तु माना जाएगा और उनके अधिकारों से वंचित किया जाएगा, तब तक उनके सशक्तिकरण की आवश्यकता बनी रहेगी। समाज के कमजोर और सीमांत वर्गों में अभी भी महिलाओं को शिक्षित नहीं किया जा रहा है और उन्हें जागृत किया जा रहा है। अपने परिवार और नैतिक जिम्मेदारियों को बनाए रखते हुए खुद को सशक्त बनाने के लिए महिलाओं में जागरूकता लाने के लिए बड़े पैमाने पर संयुक्त सामाजिक प्रयासों की आवश्यकता है।

-व्यंजना आनन्द 'मिथ्या'
बिहार

एण्डटीवी के कलाकारों का कविताओं से प्यार

जीएनएस। कविताओं के माध्यम से भाषा की विविधता को दर्शाने के लिये हर साल 21 मार्च को वर्ल्ड पोएट्री डे (विश्व काव्य दिवस) मनाया जाता है। इस अवसर पर एण्डटीवी के कलाकारों ने कविताओं को लेकर अपना प्यार जताया और साथ ही यह भी बताया कि उन्हें लिखने की प्रेरणा कहां से मिलती है। इन कलाकारों में शामिल हैं- 'दूसरी मां' के मोहित डागा (अशोक), 'हप्पू की उलटन पलटन' की हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा) और 'भाबीजी घर पर हैं' के रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी)। अशोक का किरदार निभा रहे मोहित डागा ने कहा, ''मुझे हिन्दी साहित्य हमेशा से ही पसंद रहा है। शरद जोशी, हरिशंकर परसाई और प्रेमचंद की कवितायें मुझे प्रेरित करती हैं और इनसे मुझे जिंदगी को नये नजरिये से देखने में मदद मिलती है। वास्तव में कवितायें एक बहुत अच्छी आदत हैं, जिन्हें कोई भी अपना सकता है। बचपन से ही मैं एक किताबी कीड़ा था और अपने पसंदीदा कवियों की कविताओं में इस कदर खोया रहता था कि दूसरे विषयों पर कभी भी मैंने अच्छे से ध्यान ही नहीं दिया (हंसते हैं)। किसी भी दूसरे प्रकार का साहित्य उन अहसासों एवं भावनाओं को नहीं जगा सकता, जो कविताओं से उत्पन्न होता है। कविताओं की एक दूसरी सबसे अच्छी बात यह है कि यह मेरे अंदर शांति का भाव जगाती हैं और मुझे सुकून देती हैं। हालांकि, आज की पीढ़ी पुराने जमाने की इन कविताओं का उतना आनंद नहीं उठा सकती है, जितना हमें आता था, लेकिन फिर भी मैं लोगों खासकर युवाओं से आग्रह करना चाहूंगा कि वे अपने व्यस्त जीवन में से थोड़ा सा समय निकालकर इन कविताओं को पढ़ें या सुनें।'' हिमानी शिवपुरी ऊर्फ कटोरी अम्मा ने कहा, ''कवितायें हमेशा से ही मेरी जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा रही हैं। सफर के दौरान मैं पोएट्री पॉडकास्ट को सुनना सबसे ज्यादा पसंद करती हूं। मुझे कवितायें पढ़ना और सुनना दोनों ही अच्छा लगता है। विलियम वर्ड्सवॉर्थ की

'डैफोडिल्स',रॉबर्ट फ्रॉस्ट की 'माइल्स टू गो बिफोर आई स्लीप', रविन्द्रनाथ टैगोर की 'द चाइल्ड' और ऐसी ही कई कवितायें मेरी पसंदीदा कविताओं में शामिल हैं। अपने हाई स्कूल और कॉलेज के दिनों में, मैं साहित्य के क्षेत्र में कुछ कर गुजरना चाहती थी और कवि सम्मेलनों में भाग लिया करती थी। साहित्य के उन महत्वाकांक्षी और उभरते सितारों से मिलकर और उनके जैसा बनने की चाहत से मुझे प्रेरणा मिलती थी। थिएटर से मेरे जुड़ने की एक प्रमुख वजह कविताओं और साहित्य से मेरा प्यार भी है। अपने खाली वक्त में, मैं एक कलम उठाती हूं और कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाओं को लिखने की कोशिश करती हूं। मैंने प्रकृति, महिलाओं, अकेलेपन और सामाजिक मुद्दों के बारे में काफी कुछ लिखा है। आज आनंददायक मीडिया के बढ़ते दायरे के साथ, मुझे लगता है कि कवियों के पास शब्दों के अपने खूबसूरत खजाने को दुनिया के साथ साझा करने के लिये एक स्पेस है और मैं भी ऐसा करने का प्रयास करती रहती हूं। कवितायें मुझे कल्पनाओं के

आसमान में उड़ान भरने और कुछ समय के लिये वास्तविकता से दूर होने के लिये पंख देती हैं। इससे मुझे आत्मिक और मानसिक सूकून मिलता है। मुझे प्रकृति के साथ रहना अच्छा लगता है और इसकी खूबसूरती को शब्दों में पिरोने में मुझे आनंद मिलता है।

रोहिताश्व गौड़, जोकि मनमोहन तिवारी की भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा, ''मेरा मन जब भी उदास होता है, मुझे पता होता है कि मुझे अब कहां जाना है। मैंने अपने घर में एक सबसे सुखद कोना बनाया है, जहां मैं कविताओं की किताबों के साथ मैं समय बिताता हूं और सकारात्मकता की एक बिल्कुल नई दुनिया में कदम रखता हूं। हाथ में एक कप चाय और कविता, बस वहीं सारी थकान गायब। किसी एक को अपना पसंदीदा कवि बता पाना मेरे लिये मुश्किल है। मुझे मिर्जा गालिब, प्रेमचंद, कालीदास, हरिवंश राय बच्चन आदि की कवितायें पढ़ना और सुनना पसंद है। मैं उनकी कविताओं को हजारों बार सुन सकता हूं। काव्य, अभिव्यक्ति का वह रूप है, जो

प्रेरणा देता है। मुझे लगता है कि हम सबके अंदर एक कवि छुपा है। मैं लंबे समये से लिखने का काम कर रहा हूं और यह मुझे अपनी जड़ों से जोड़े रखता है। मेरा मानना है कि जिन भावनाओं को दिखाया नहीं जा सकता, उन्हें कविताओं के माध्यम से व्यक्त कर देना चाहिये। पुरानी कविताओं के लिये मेरे दिल में एक खास जगह है, क्योंकि वे कभी भी पुरानी नहीं होतीं। वर्ल्ड पोएट्री डे के अवसर पर, मैं सभी लोगों से कवितायें लिखने और पढ़ने का अनुरोध करना चाहूंगा। इससे हमें अपने सारे तनाव को दूर करने में मदद मिलती है और यह हमें एक नई उम्मीद भी देता है। कवितायें पढ़ना और लिखना सिर्फ एक शौक नहीं है बल्कि यह जिंदगी जीने का एक तरीका भी हो सकता है।''

देखिये 'दूसरी मां' रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार, सिर्फ एण्डटीवी पर!

सोनी सब के 'दिल दियां गल्लां ' में आस्था की जान खतरे में है

जीएनएस। सोनी सब के शो 'दिल दियां गल्लां ' में एक परिवार के पलायन की भावुक कर देने वाली कहानी है। यह परिवार गलतफहमी वाली परिस्थितियों, आहत भावनाओं और सदस्यों की निहित धारणाओं के कारण टूटा हुआ है। दर्शकों को यह शो काफी पसंद आ रहा है। यह शो दिखाता है कि अनकहे अल्फायज़ों के कारण कैसे तीन पीढ़ियों के बीच मनमुटाव पैदा हुआ है। आने वाले एपिसोड्स में दर्शक आस्था (रीमा वोहरा) को पिंड छोड़ने और अमृतसर जाने के मनदीप (संदीप बसवाना) के फैसले से असहमति जताते देखेंगे।

मनदीप बहुत दुखी है, क्योंअकि उसके पिता दिलप्रीत (पंकज बेरी) जिंदा और तंदुरूस्त होने के बावजूद गांववालों के दबाव के चलते अपने अंतिम संस्का र के लिये राजी हैं। इस स्थिति से बहुत दुखी होकर वह पिंड छोड़ देता है। उसे आश्चार्य होता है, जब आस्थाक उसका फैसला मानने से इनकार कर देती है और पिंड में ही रहने का फैसला करती है, जिससे सभी चौंक जाते हैं। एक ओर तो आस्थाा गृहप्रवेश की रस्मन अदा कर घर में प्रवेश करती है, जबकि दूसरी ओर दिलप्रीत के घर कर्ज देने वाले आ धमकते हैं और पैसा मांगते हैं। निम्रित (कणिका माहेश्वशरी) से कहा-सुनी होने पर गुंडे चिढ़ जाते हैं और आस्थो का अपहरण कर लेते हैं। हालांकि इससे बुरा होना भी बाकी है। अपहरण के बाद आस्थाी को जहाँ रखा जाता है, वहाँ आग लग जाती है।

आस्था् का क्याग होगा? उसे बचाने के लिए कौन आएगा?

आस्था् की भूमिका निभा रहीं रीमा वोहरा ने कहा, ÷पिंड में रहने का आस्थाी का फैसला उसे बड़ा नुकसान पहुँचाने वाला है। दिलप्रीत के साथ तनाव से निजात पाना तो अच्छो रहा, लेकिन उसने सपने में भी सोचा नहीं होगा कि आखिरकार वह पिंड में ही किडनैप हो जाएगी। आने वाले एपिसोड्स की शूटिंग वाकई चुनौतीपूर्ण थी। स्क्री न पर ऐसे पेचीदा जज्बातों को दिखाना मुझे हमेशा रोमांचित करता है और मैं दावे के साथ कह सकती हूँ कि 'दिल दियां गल्लां ' के आने वाले एपिसोड्स दर्शकों को रोलर कोस्टेर के सफर पर ले जाएंगे।

देखते रहिये 'दिल दियां गल्लां ', हर सोमवार से शनिवार रात 7:30 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।

हां मैं बुरी हूं

मैं बिल्कुल नहीं जीना चाहती
तुम्हारी बनाई हुई
खोखली परंपराओं के साथ,
इंसां तो मैं भी हूं पर
तुम्हारे लिए हूं नारी जात,
धर्म के नाम पर,
समाज के नाम पर,
घर की इज्जत के नाम पर,
थोप रखे हो गुलामी की दीवार,
गाहे बगाहे होती रहती हूं दो चार,
हमें घूंघट को कहते हो,
खुद स्वच्छंद रहते हो,
बुरखा सिर्फ मैं ही क्यों लगाऊं,
बंधन में बांध खुद को क्यों सताऊं,
घर की इज्जत का ठेका
सिर्फ मेरा नहीं है,
क्या घर में किसी और का
बसेरा नहीं है,
आ जाते हो पल पल देने
घर के इज्जत की दुहाई,
तुम्हारे बेतुके नियम मैंने तो नहीं बनाई,
हां मान लो मुझे मैं बुरी हूं
पर अब खुद की बॉस हूं,
तुम्हारे द्वारा खड़ी की गई है
जो गुलामी की दीवार
अब उससे आजाद हूं,
लंपट मर्द हो मुझमें ही बेहयाई खोजोगे,
जब भी सोचोगे मेरे विरोध में सोचोगे,
जितना होना था हो चुकी बर्बाद हूं,
पर अब मैं, खुले गगन में
स्वच्छंद उड़ने के लिए आजाद हूं।

-राजेन्द्र लाहिरी छ. ग

संजीव-नी।

मशवरा है कि तेरे शहर की महफिल।

मशवरा है कि तेरे शहर की महफिल बदले,
अब तक तो कभी खंजर कभी कातिल बदले।
जिंदगी किस्तों में गुजर गई तो क्या,
जितने हमदर्द थे सारे शामिल बदले।।
लहरें चली आई मचलते हुए शहरों में,
अब ना तो कश्ती ना ही साहिल बदले।
कत्ल मेरा इल्जाम नहीं है उस पर,
कितना मासूम लगे रूप जब कातिल बदले।
जिंदगी ने दिए हजारों जख्म हमें,
जिंदगी के गणित में सारे हासिल बदले।

-संजीव ठाकुर

प्रेम

प्रेम जगत में सार कोई सार नही ,
मन करले प्रभु से प्यार और कोई प्यार नही ।
भाव का भूखा हूं मैं भाव ही एक सार है ,
भाव से मुझको भजे तो समझो बेड़ा पार है ।
प्रेम के कारण ही भगवान श्रीराम जी,
ने शबरी के यहां जूठे बेर को खाए ।
प्रेम कारण ही श्री-कृष्णा जी ने विदूर ,
के यहां केले के छिलके के भोग लगाए ।
प्रेम न उपजे बाड़ी में प्रेम न बिके बाजार ,
प्रेम करले उस परमात्मा से करेगें बेड़ा पार ।

-डोमेन्द्र नेताम (डोमू)

रिश्ते और अहम् में द्वंद।

यह नवभोर की चेतना है,
कुछ मन में उठ रहे,
भावों को व्यक्त कर रहा है।
समय समर्पण निष्ठा प्रेम और विश्वास से भरपूर,
पलों को आज़ याद कर रहा है।
करुणा और वात्सल्य की जरूरत,
से सना हुआ पुराने पल को याद करते हुए,
अपने हमसफर संग बिताए गए पल के इतिहास में,
विचरण कर रहा है।
रिश्ते और अहम् के बीच के द्वंद में,
आपसी समझ और प्रेम,
एक उन्नत अहसास का,
सफ़ल और जीवित प्रमाण है ।
एक दूसरे को सम्मोहित कर रखने में,
आशा और विश्वास से भरपूर,
उमंग और उत्साह के साथ,
एक दूसरे के बीच की दूरी को खत्म करने में,
जरूरी खुशियां और सम्मान है।
यहां अहम् नहीं,
रिश्ते अहम् है पर बातचीत करना जरूरी है।
समय और काल में यह आज़ की,
बन चुकी आज़ समाज की मजबूरी है।
आओ हम-सब मिलकर यहां,
एक सुंदर और आकर्षक समां बनाएं।
अहम् त्याग कर,
रिश्ते अहम् है पर बातचीत कर,
स्वच्छ पवित्र और निश्छ्ल प्रेम के सागर में,
डुबकियां लगाकर खुशियां मनाएं।

डॉ- अशोक, पटना, बिहार।

जिंदगी से जंग

अब कतरा - कतरा कहता है,
उठकर ज़मी से छू ले आसमा को,
धरा को देखते चलता चल,
मगर नज़र में रख आसमा को,
हल्का इतना न होना की संभल ना सके,
भारी इतना न होना की उड़ ना सके,
तू गिरेगा जग हसेगा,
हौंसला रखना,हिम्मत रखना,
और तब समझना
अब मिली पहली सीढ़ी कदमों को,
जब बंद हो आंखे तेरी,
देखे तू पिता और अपनी मां को,
उनके संघर्ष उनके दर्द उनकी पीड़ा को,
अब हौंश में आ जाग,
फिर देख आसमा को,
उड़ उड़ान भर ले मगर ज़ख्म ना दे ज़मी के परिंदो को,
कर ले कैद मुट्ठी में बुराइयों, दर्द और गमों को,
लपेटो उंगली में और बता दो किताबों को
जिसे सीधा मिला है
वो क्या पहचानेगा अपने अस्तित्व को,
जो करता है मेहनत, और पल - पल संघर्ष,
मिट जाने पर भी उनके अस्तित्व के,
हर कोई पड़ता उनकी किताबों को,
सफल बनना है तो जाग उठ और भाग,
फिर देख खुली आंखों से, खुले आसमा को,
अब ये हवा कह रही है, सभी जीव कह रहे है
पहचान अपने किरदार को,
अब कतरा - कतरा कहता है,
उठकर ज़मी से छू ले आसमा को
धरा को देखते चलता चल,
मगर नज़र में रख आसमा को।

- मोनिका अमर सिंह सोलंकी

बूँद भर पानी को तलाशें

किसी नदिया,दरिया की दरकार नहीं
चलो बूँद-बूँद भर पानी को तलाशें,
हमको तो यहाँ-वहाँ पानी मैयस्सर है
पर उन परिंदें की सोंचें, जो प्यासे हैं।
बून्द भर पानी भी उनको पर्याप्त है
चलो उन कटोरों को सजाकर रखदें,
हमारा उनका बसेरा गुलजार हो जाए
कंठ तर जाए,ऐसा शुभ काम कर दें।
ये परिंदे आसमान व धरा के शोभा है
चलो इनको चहकने का सुअवसर दें,
ये चहकेंगे तो प्रकृति में संगीत गूँजेगा
चलो चमन में आशा का संचार भर दें।
इनके कंठों में सुमधुर सुरीला तान है
चलो इनको सात सुरों का साज दें,
दिवस को नए सरगम से भर जाएँ
चलो इन परिंदों को हम आवाज दें।

अशोक पटेल आशु

अजीब लोग

इस शहर के बड़े अजीबो गरीब लोग है,
न कोई मेल जोल है , न कोई बातचीत है,
न कही आना है , न कही जाना है,
न किसी से कुछ लेना न ही देना है,
न किसी को बुलाना , न किसी से मिलना है,
सब अपने अपने काम काज में व्यस्त है,
बस भाग दौड़ की जिंदगी जी रहे है,
हर कोई सिर्फ पैसा कमाना चाहता है,
दिन रात उसके पीछे ही भागता है,
रिश्ते नाते जाये भाड़ में , बड़ा स्वार्थी हो गया है,
हमे क्या लेना देना अपना तो टाइम ख़राब होता है,
मै अपने शहर में रहता था जब,
तो वह पंद्रह दिन में कॉल करता था,
हाल चाल पूछता था, रिश्तेदारी जताता था,
अब उसके शहर में आ गया हूँ ,
तो वह अब मुँह छिपाता है,
जिनके लिए खूब अपनापन जताया मैंने,
वो भी अब बेगाना सा हो गया है,
गलती उसकी नही इस शहर की है,
यहाँ का पानी ही कुछ ऐसा है,
यही समय की माया है,
बड़ी उम्मीदें लगाकर मैंने धोखा खाया है,
इस शहर के बड़े अजीब लोग है ।

-डॉ. संजय कुमार
मालवी (आदर्श)

क्याा सोनी सब के रोमांस ड्रामा 'ध्रुव तारा' में ध्रुव का अपहरण करने और उसे 17वीं सदी में ले जाने का तारा का प्लासन कामयाब होगा?

जीएनएस। सोनी सब का फैमिली रोमांस ड्रामा 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' में 17वीं सदी की एक राजकुमारी तारा (रिया शर्मा) और 21वीं सदी के एक न्यूनरोसर्जन ध्रुव (ईशान धवन) की जिन्द गी दिखाई गई है। तारा समय की बाधा को तोड़कर ध्रुव से मिलती है, क्योंमकि ध्रुव उसके भाई का इलाज ढूंढने में उसकी मदद कर सकता है। तारा के साम्राज्यख के भविष्यम के लिये उसके भाई का स्वलस्थं होना महत्वलपूर्ण है। तारा के ध्रुव के साथ उसके घर में रहने से लेकर यह जानने तक कि उसे एक इंटरनेशनल हॉस्पिटल में काम करने का मौका मिल चुका है, उसे काफी भावनात्मतक उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा है और उसे हर नये कदम के साथ नये संघर्ष और चुनौतियाँ मिल रही हैं। आने वाले एपिसोड्स में दर्शक तारा की जिन्दागी में एक मोड़ देखेंगे, जब वह ध्रुव को अपनी कहानी बताने की कोशिश करेगी और अपनी कहानी पर उसका भरोसा पाने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ेगी, ताकि वह महावीर (कृष्ण भारद्वाज) की जिन्द गी बचाने में उसकी मदद करे। हालांकि, जिन्दकगी हमारी इच्छाज के मुताबिक नहीं चलती है और तारा की किस्मऔत में कुछ और ही है। ध्रुव के विदेश जाने में एक महीना बचा है और तारा के पास वह सख्त कदम उठाने के अलावा कोई विकल्पछ नहीं है, जो उसकी और ध्रुव की जिन्दीगी को हमेशा के लिये बदल देगा। तारा ध्रुव का अपहरण करने का फैसला लेती है और उसे समय के द्वार से 17वीं सदी में ले जाने की कोशिश करती है। क्या ध्रुव का अपहरण करने और उसे 17वीं सदी में ले जाने का तारा का कदम उसकी सारी परेशानियों को हल कर देगा, या यह एक नई चुनौती की शुरूआत है?तारा का किरदार अदा कर रहीं रिया शर्मा ने कहा, मुझे ताराप्रिया का किरदार निभाने में मजा आ रहा है और 21वीं सदी में तारा का सफर पसंद आ रहा है। वह बड़ी हिम्म,त और सकारात्मकता के साथ हर चुनौती का सामना करती है, जोकि काबिलेतारीफ है। अपने युग की राजकुमारी होने से लेकर इस युग में बर्तन मांजने तक, तारा साबित कर रही है कि परिवार की बात हो, तो उसे सुरक्षित रखने के लिये आप किसी भी हद तक जा सकते हैं। मुझे लगता है कि आने वाले एपिसोड्स तारा का एक अलग पहलू दिखाएंगे।

देखना न भूलें 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे', हर सोमवार से शनिवार रात 8:00 बजे, सिर्फ सोनी सब पर

एक और रोमांचक अनुभव के लिए तैयार हो जाइए - बालवीर के नए सीज़न को देखने के 5 कारण !

जीएनस। भारत का सबसे चहेता सुपरहीरो लौट आया है । रोमांच और उत्साह से भरी बालवीर की एक नई यात्रा का अनुभव करने के लिए तैयार हो जाइए। सोनी सब के 'बालवीर 3' में देव जोशी एक बार फिर शो के मुख्य? हीरो बालवीर की भूमिका निभायेंगे। उनके साथ होंगी अदिति सनवाल जो 'काशवी' का किरदार निभाएंगी और बालवीर की इस यात्रा में उसकी दोस्त और साथी होगी।

बालवीर के इस नए सीज़न में 24 साल के सुपरहीरो की निजी यात्रा को दिखाया जाएगा जिसे अपनी मां से ताकत मिलती है। इस सीजन में, बालवीर अपनी शक्तियों, जादू, और यादों से वंचित है और एक आम लड़के वीर की जिंदगी जी रहा है। यह सीज़न उसके वीर से बालवीर बनने तक की यात्रा पर आधारित है जहाँ वह अपनी साथी काशवी की मदद से अपनी पहचान और अपनी दुनिया को दोबारा पाने की कोशिश कर रहा है ।

और अगर आपको बालवीर के इस नए और शानदार सीज़न को देखने के लिए और भी कुछ चाहिए तो यह कुछ कारण हैं जो आपको इसे देखने के लिए उत्साहित कर देंगे -

जुड़ाव बनाने वाले किरदार – बालवीर के किरदार बहुत ही विशिष्टी और दिलचस्प हैं । हरेक किरदार का अपना व्यक्तित्व, अपना हुनर और अपनी खूबी है । फिर चाहे वह साहसी बालवीर हो या फिर वफादार काशवी , आप इन किरदारों के इस सफ़र में खो जाएंगे और हर कदम पर इनका समर्थन करेंगे ।

एक मजबूत संदेश देता है -बालवीर हमेशा से अपनी ईमानदारी के लिए जाना जाता है । बालवीर ने हमेशा से अच्छे काम करने, दूसरों की मदद करने और न्या य की वकालत करने पर जोर दिया है । इस सीजन में भी वही विरासत बरकरार रखी गई है और दर्शकों को प्रोग्राम के आशावादी एवं प्रेरणादायी संदेश से प्रेरित किया जाएगा।

विजुअल इफेक्टै– बालवीर सभी आयु के लोगों के लिए एक देखनेलायक प्रस्तुति है। इस शो के प्रभावी विजुअल इफेक्ट आपको एक चमत्कारी दुनिया में ले जाएंगे जहाँ विशाल और शानदार सेट और ऐसे आकर्षक स्पेशल इफेक्ट्स होंगे जिन्हेंक देखकर आपको वाकई मजा आएगा।

पारिवारिक मनोरंजन – बालवीर ऐसा शो है जिसका आनंद पूरा परिवार साथ बैठकर उठा सकता है। आप चाहे अपने बच्चों के साथ यह शो देख रहे हों या फिर अपने दादा-दादी के साथ, यह शो आप सबको अपनी कहानी से बांधकर रखेगा। अपने सामाजिक संदेश और आकर्षक ऐक्शन के साथ बालवीर एक परफेक्ट पारिवारिक मनोरंजन साबित होगा।

ऐक्शन से भरपूर रोमांच – बालवीर हमेशा से अपने दर्शकों के लिए रोमांचक ऐक्शन सीन लाने के लिए मशहूर है। इस नए सीज़न में भी आपको और रोमांचक पल देखने को मिलेंगे जो आपको इसकी कहानी से बांधकर रखेंगे । दमदार भिडंत से लेकर साहसी बचाव अभियान तक, अपनी असली पहचान और शक्तियों को दोबारा हासिल करने की बालवीर की यह यात्रा ऐक्शन और रोमांच से भरपूर है।

आइए, बालवीर के सफर में उसके साथ जुड़े जहां वह अपनी असली पहचान खोजने की तलाश में है, वह एक बार फिर दुष्टों को हराने एवं दुनिया की रक्षा करने के लिए एक महान रक्षक बनकर उभरेगा। बालवीर का यह पुनर्जीवन सभी आयु के लोगों के लिए देखनेलायक है। दर्शकों को इस बार शो में मंत्रमुग्धर करने वाला ज्यादा ऐक्शमन, ड्रामा और जादू देखने को मिलेगा। 'बालवीर 3', शुरू हो रहा है 18 मार्च से, शनिवार और रविवार शाम 7 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।

गृहमंत्री बोले कल तक मिल जाएगी जांच रिपोर्ट

मामला केंद्रीय जेल में जीपीएफ गबन कांड का पुलिस और लेखा एवं कोष विभाग की जारी

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। केंद्रीय जेल में हुए जीपीएफ गबन कांड पर गुरुवार को अल्प प्रवास पर आए गृहमंत्री ने कहा कि कल तक उन्हें जांच रिपोर्ट मिल जाएगी। मामले से जुड़े दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। जेल मुख्यालय की टीम अपनी जांच पूरी कर चुकी है। पुलिस और लेखा एवं कोष विभाग अपनी जांच में जुटा हुआ है।

10 मार्च को जिला कोषालय अधिकारी ने केंद्रीय जेल कर्मचारियों की जीपीएफ राशि में 12 करोड़ से अधिक का गबन होना पकड़ा था। जिसके बाद से मामला लगातार तुल पकड़ता दिखाई दे रहा है। 3 टीम जांच में जुटी हुई है। इस बीच गुरुवार को गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा अल्प प्रवास के लिए उज्जैन आए थे इस दौरान मीडिया ने उनसे जेल में हुए गबन को लेकर सवाल पूछे। जिस पर गृहमंत्री ने कहा कि कल तक उन्हें जांच रिपोर्ट मिल जाएगी। मामले में जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। गृहमंत्री के आगमन पर जेल अधीक्षक उषाराज भी उनके प्रोटोकॉल के दौरान मौजूद थी। गौरतलब हो कि जिला कोषालय की ओर से जेल लेखा विभाग के बाबू रिपु दमन के

खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कराया गया था। जेल मुख्यालय से जेल डीजीपी मंसाराम पटेल 5 सदस्यों की टीम के साथ जांच के लिए पहुंचे थे 2 दिनों तक उन्होंने लेखा विभाग के दस्तावेज खंगाले। जेल अधीक्षक से लेकर जेल कर्मचारियों और जेलर तक के बयान दर्ज किए। जेल मुख्यालय की जांच गुरुवार को पूरी हो चुकी है। शुक्रवार को जांच टीम मुख्यालय को अपनी रिपोर्ट सौंपी।

आज शाम तक होगी लेखा एवं कोष विभाग की जांच

केंद्रीय जेल में जीपीएफ गबन का मामला सामने आने के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जांच के लिए लेखा एवं कोच विभाग को भी पत्र लिखा था। विभाग के संयुक्त संचालक विश्वजीत झारिया 8 सदस्यों की टीम के साथ जांच के लिए उज्जैन पहुंचे हैं संभावना जताई जा रही है कि आज शाम तक उक्त टीम की जांच भी पूरी हो जाएगी जिसके बाद मामले में बड़ा खुलासा होना सामने आ सकता है। लेखा एवं विभाग ने जिला कोषालय के साथ ही केंद्रीय जेल पहुंचकर भी जांच की है।

पुलिस जांच की प्रक्रिया लंबी

एफ आई आर दर्ज होने के बाद भैरवगढ़ थाना पुलिस भी मामले की जांच में लगी हुई है। अब तक बनाए गए एक आरोपी रिपु दमन के घर पुलिस ने नोटिस चस्पा करने के साथ उसकी तलाश का काम शुरू किया है। रिपु दमन प्रकरण दर्ज होने के बाद से फरार है। पुलिस बैंक पहुंचकर उसका खाता सीज करा चुकी है। जेल मुख्यालय टीम की जांच पूरी होने के बाद दो और आरोपी का नाम सामने आना बताया गया है। दोनों ही जेल प्रहरी फरार हो चुके हैं। पुलिस की जांच प्रक्रिया लंबी होना बताई जा रही है जिसको स्पष्ट होने में काफी समय लग सकता है।

निगम बजट की तैयारीयां हुई प्रारंभ

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। नगर पालिक निगम के वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट शहर विकास के साथ ही जनता के अनुरूप होगा, इसके लिए निगम बजट किस प्रकार का हो इस हेतु जनता से सुझाव आमंत्रित किए गए साथ ही विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों से विचार विमर्श किया गया है, महापौर श्री मुकेश टटवाल एवं एमआईसी सदस्यों द्वारा अब नगर निगम के विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ बैठकर बजट पर चर्चा की जा रही है। महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा मेयर इन काउंसिल के सदस्य श्री शिवेंद्र तिवारी, श्री रजत मेहता, डॉ. योगेश्वरी राठौर, श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, श्रीमती सुगन बाबूलाल बाघेला के साथ नगर निगम के विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुखों के साथ विभागवार बजट पर चर्चा की जा रही है ताकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में जनसुविधाओं के साथ ही शहर विकास हेतु किये जाने वाले कार्यों हेतु बजट का निर्धारण किया जा सके। इस बजट में कुछ नए प्रस्तावों को भी जोड़ा जाएगा जो कि शहरहित एवं विकास से संबंधित होंगे साथ ही नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मिले इस बात का भी बजट में विशेष तौर पर ध्यान रखा जा रहा है शीघ्र ही नगर निगम के बजट को अमलीजामा पहनाया जाएगा इस हेतु बजट की बैठक निगम के अधिकारियों के साथ की जा रही है।

सार समाचार

सेवानिवृत्ति पर 8 होमगार्ड सैनिकों को दी गई बिदाई

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। होमगार्ड में अपनी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए 8 जवानों को गुरुवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर बिदाई दी गई। इस दौरान उनका शॉलश्री फल देकर स मान किया गया।

होमगार्ड जिला सेनानी संतोष कुमार जाट ने बताया कि फरवरी और मार्च के दौरान होमगार्ड में ल बे समय से अपनी सेवा दे रहे 8 सैनिको लाखन सिंह, गोटीराम, इ तीयाज अली, प्रेमनारायण शर्मा, अशोक सिंह तोमर, जगदीश, शिवराज एवं किशनपाल के सेवानिवृत्त होने पर होमगार्ड कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर स मान कर बिदाई दी गई। जवानों ने आपदा प्रबंध के साथ ही पुलिस विभाग में अपनी सेवा निष्ठा, ईमादारी के साथ की। बिदाई समारोह के दौरान उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आश्वस्त किया गया कि विभाग के दरवाजे हमेशा उनके लिये खुले रहेगें। कार्यक्रम का संचालन प्लाटून कमाण्डर रूबी यादव द्वारा किया गया।

सेवानिवृत्त शिक्षक के मकान में 2 बदमाशों ने चोरी को अंजाम दिया

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। सेवानिवृत्त शिक्षक के मकान में 2 बदमाशों ने चोरी को अंजाम दिया था। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में एक लाख का माल बरामद किया जा चुका है। दोनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। 27-28 फरवरी की रात बहादूरगंज चौराहा पर सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश पिता इंदरसिंह चौहान के मकान में लाखों की चोरी होना सामने आया था। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया था। गुरुवार को मुखबीर की सूचना पर 2 युवको को पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ की गई तो दोनों ने शिक्षक के घर छत के रास्ते वेंटिलेशन तोड़कर चोरी करना कबूल कर लिया। बदमाशों में एक राहुल पिता रमेश सूर्यवंशी (20) आर्य समाज मार्ग और दूसरा नाबालिग है। दोनों की निशानदेही पर सोने-चांदी के आभूषण, कैमरा और लेपटॉप बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 1 लाख रुपये है। चोरी का कुछ माल बरामद होना शेष है, दोनों को शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जाएगा। एएसपी अभिषेक आंनद ने बताया कि हिरासत में आए राहुल के खिलाफ पूर्व में भी एक अपराध दर्ज होना सामने आया है। वह नशे के आदी है जिसके लिये अपराध को अंजाम देता है। उससे शहर में हुई अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। मामले का खुलासा करते हुए एएसपी ने बताया कि दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद करने में कोतवाली टीआई एनबीएस परिहार, प्रधान आरक्षक आत्माराम परमार, सर्वेन्द्रसिंह, आरक्षक विनोद कुमार की भूमिका रही है।

शासकीय माधव महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम संपन्न

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।अक्षय दिवस के अवसर पर माधव महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जे एल बरमैया के मार्गदर्शन में प्रोफेसरों एवं समाज कार्य के विद्यार्थियों द्वारा शासकीय जिला टीबी अस्पताल मैं जाकर टीबी रोग से पीड़ित रोगियों को खाद्य सामग्री वितरित की गई जिससे रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट टीबी ऑफिसर रेणुका डामोर महाविद्यालय की ओर से डॉक्टर मोहित पांचाल एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। आइक्यूएसी प्रभारी डॉ अल्पना उपाध्याय, डॉ. प्रार्थना निगम डॉ रवि मिश्र, डॉ.मोहन निमोले , डॉ संगीता दुबे, प्रो. भावना कुशवाह प्रो महेंद्र वर्मा आदि स्टाफ का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

कलेक्टर ने सभी निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में आज जिले के सभी निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने एवं नये स्वीकृत किये गये कार्यों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया कि उज्जैन-झालावाड़ टूलेन तथा देवास-उज्जैन फोरलेन का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। दोनों ही निर्माण कार्यों को 82 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा जुलाई माह तक दोनों मार्ग पूर्ण हो जायेंगे। इसी तरह उज्जैन-गरोठ मार्ग के तीन पैकेज व उज्जैन से बदनावर फोरलेन मार्ग का निर्माण कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है तथा दोनों ही मार्ग का 10 प्रतिशत कार्य अभी हुआ है। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन यंत्री को निर्मित किये जाने वाले मार्गों में प्लांटेशन का कार्य गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा की गई तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के कारण जहां-जहां भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का नुकसान हुआ है, उसको ठीक करने के निर्देश एनएचआई को दिये गये हैं। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्तमान में जिले में 9 सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही 11 छोटी पुल-पुलियाएं बनाई जा रही हैं। कलेक्टर ने वर्ष 2020-21 से लम्बित प्रधानमंत्री सड़कें जिनमें नरसिंगा से पीरझलार, खाचरौद से कुम्हारवाड़ी, उज्जैन-इन्दौर पंथपिपलई रोड, लोहाना भीड़ावद मार्ग को जून माह के अन्त तक तथा रत्नाखेड़ी-बामोरा रिंग रोड को दिसम्बर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह महुड़ी, लिंबादित, कपेली, कायथा, खारपा, बागोदा से करंज, कायथा से हात्याखेड़ी आदि निर्माण कार्यों को भी समय-सीमा में पूर्ण करने के लिये कहा है। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सड़क के निर्माण कार्य की गति धीमी होने पर असंतोष व्यक्त किया है। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, हाउसिंग बोर्ड, चिकित्सा विभाग एवं सर्वशिक्षा अभियान के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में विभिन्न निर्माण विभागों के कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री मौजूद थे।

गंभीर डेम से पानी की चोरी एवं जलप्रदाय के दौरान पानी के लीकेज की रोकथाम की जाएं- महापौर

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। महापौर श्री मुकेश टटवाल ने आयुक्त को पत्र लिखते हुए कहां है कि उज्जैन शहर में जलप्रदाय का मुख्य स्त्रोत गंभीर डेम है जिससे शहर की लगभग 6 लाख जनसंख्या को जलापूर्ति की जाती है। शहर के उद्योग एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान को जल उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त शहर में प्रतिदिन 50 हजार से 1 लाख श्रृद्धालु प्रतिदिन आते हैं जिसकी जलापूर्ति भी मुख्य स्त्रोत गंभीर डेम से की जा रही है। इसके लिए डेम से पानी की चोरी एवं जलप्रदाय के दौरान पानी के लीकेज की रोकथाम की जाएं।

महापौर ने कहां है कि शहर में वर्ष पर्यंत निरंतर जलप्रदाय किया जा सके इस सम्बन्ध में ठोस कदम उठाये जायें। गंभीर में अवैध तरीके से मोटर पंप लगाकर पानी की चोरी होती है इस कारण से भी गंभीर जलाशय के जलस्तर में कमी आती है अतः पानी चोरी रोकने हेतु कड़े प्रयास किये जायें एवं गश्ती दल द्वारा नियमित सर्चिंग की जाये। इसी प्रकार जलप्रदाय के दौरान लीकेज आदि के कारण भी पानी का अपव्यय होता है साथ ही राजस्व का भी नुक्सान होता है। अतः लीकेज दुरस्ती हेतु भी सार्थक प्रयास किये जायें। सीवरेज सड़क निर्माण आदि कार्यों में भी निर्माण एजेंसियों द्वारा भी पाईप लाईन्स को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है। अतः ऐसे कदम उठायें जायें कि क्षति कम से कम हो।

महापौर ने कहां कि जिन किसानों को कृषि कार्य हेतु पानी की आवश्यकता है वह सदावल स्थित निगम द्वारा संचालित ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल का उपयोग कृषि कार्य में भी कर सकते हैं क्योंकि यहां के पानी का उपयोग आसपास के किसानों द्वारा भी किया जाता है साथ ही नई पाइप लाइन डाले जाने का कार्य भी प्रचलित है उक्त कार्य को भी जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए नवीन पाइप लाइन भी डाली जाए।

विभिन्न स्त्रोतों में उपलब्ध जल की मात्रा आदि के सम्बन्ध में भी वर्तमान स्थिति से अवगत करायें तथा जल प्रदाय के वैकल्पिक स्त्रोतों से जलप्रदाय की संभावनाओं के सम्बन्ध में अवगत करायें ताकि शहर में निरंतर जलप्रदाय किया जा सके।

130 किलों पॉलिथीन जप्त कर 22 हजार का जुर्माना किया

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। नगर पालिक निगम अमले द्वारा प्रतिबंधित पॉलिथिन का उपयोग नही करने के लिए निरंतर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनजागरण किया जा रहा है तथा अमानक स्तर की पॉलिथिन का भण्डारण एवं विक्रय करने पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना किया जा रहा है। गुरूवार को झोन क्रमांक 02 एवं 03 में विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 130 किलों पॉलिथीन जप्त कर 22 हजार का जुर्माना किया गया।

नगर निगम द्वारा अमानक स्तर की सिंगल यूज पॉलिथीन को शहर से प्रतिबंधित करने हेतु निरंतर युद्ध स्तर पर दुकानों पर सघन जांच के साथ-साथ चालानी कार्यवाही की जा रही है गुरूवार को स्वास्थ्य उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता के निर्देशन में स्वास्थ विभाग के अमले द्वारा झोन क्रमांक 02 एवं 03 के विभिन्न क्षैत्रों देवास गेट, रेलवे स्टेशन, गाड़ी अड्डा, दरगाह मंडी चौराहा, बुधवारिया मछली मार्केट इत्यादि व्यावसायिक क्षेत्रों में 14 से 15 छोटे-बड़े व्यापारियों को अमानक स्तर की पॉलिथिन का उपयोग करते पाए जाने पर उनसे लगभग 130 किलो पॉलिथिन जप्त की गई एवं 22 हजार का जुर्माना किया गया, इनमें दो बड़े व्यापारियों पर 10-10 हजार का जुर्माना किया गया।

उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा झोन क्रमांक 2 एवं 3 में कार्यवाही करते हुए 14 से 15 छोटे छोटे व्यापारियों के साथ ही बड़े दो व्यापारियों पर 10-10 हजार रूपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई एवं लगभग 130 किलो पॉलिथिन जप्त की गई है। शुक्रवार से दूध विक्रेताओं पर भी कार्यवाही की जाएगी यदि कोई भी दूध विक्रेता अमानक स्तर की पॉलिथीन में दूध विक्रय करते पाए जाएगा तो भारी जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी, अधिनियम 1 जुलाई 2022 के तहत सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध है इसी क्रम में कार्यवाही निरंतर की जा रही है उक्त कार्यवाही में स्वास्थ्य अधिकारी श्री संजय कुलश्रेष्ठ उपस्थित थे।

निगम ने हटाया झोन क्रमांक 6 अंतर्गत अतिक्रमण

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। नगर निगम द्वारा निरंतर अवैध अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण कार्यों को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। गुरूवार को निगम अमले ने झोन क्रमांक 06 वार्ड क्रमांक 35 सुदर्शन नगर, नागझिरी क्षेत्र एवं कवेलू कारखाने की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

निगम अमले द्वारा गुरूवार को झोन क्रमांक 6 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 सुदर्शन नगर, नागझिरी क्षेत्र एवं कवेलू कारखाने की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए नागझिरी क्षेत्र में दाऊद पिता पूना, सुदर्शन नगर में कालू पिता पप्पू भाटी एवं कवेलू कारखाने की भूमि पर गोपाल परिहार द्वारा अवैध अतिक्रमण करते हुए मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा था जिसे हटाने की कार्यवाही भवन निरीक्षक श्री मुकुल मेश्राम द्वारा नगर निगम रिमूव्हल गैग एवं पुलिस प्रशासन के समन्वय से की गई।

मंगलनाथ मन्दिर के सामने से अस्थाई दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।जिला प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए आज मंगलनाथ मन्दिर के सामने अतिक्रमण कर बनाई गई 20-25 अस्थाई दुकानों को हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विगत शुक्रवार को मंगलनाथ मन्दिर का निरीक्षण किया गया एवं इस दौरान उन्होंने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे। एसडीएम श्रीमती कल्याणी पाण्डेय ने बताया कि आज मंगलनाथ मन्दिर के सामने के अस्थाई अतिक्रमणों को हटा दिया गया है।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिये समग्र ई-केवायसी कैसे करें

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना हेतु समग्र ई-केवायसी करने के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी किये गये प्रचार पोस्टर के अनुसार ई-केवायसी हेतु महिला को समग्र नम्बर, आधार कार्ड व समग्र से लिंक मोबाइल नम्बर लेकर राशन की दुकान, एमपी ऑनलाइन/कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क अथवा स्वयं के द्वारा समग्र पोर्टल पर जाकर ई-केवायसी करवाया जा सकता है। यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क है। निःशुल्क इसलिये है कि कियोस्क अथवा सेवा प्रदाता को राज्य सरकार द्वारा 15 रुपये प्रति ई-केवायसी दिया जा रहा है। सहायता की आवश्यकता होने पर फोन नम्बर 0755-2700800 पर कॉल कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

उज्जैन जिले में संचालित आधार केन्द्रों की जानकारी

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। उज्जैन जिले में आधार बनवाने एवं आधार के अपडेशन के लिये शासन की ओर से 117 केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। इन केन्द्रों पर जाकर कोई भी व्यक्ति अपना आधार कार्ड बनवा सकता है तथा आधार की जानकारी को अपडेट करवा सकता है। वर्तमान में लाड़ली बहना योजना के लिये ई-केवायसी अपडेशन का कार्य जारी है। इसमें आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। अतः कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सभी आधार केन्द्रों के संचालकों को निर्देश दिये हैं कि वे उनके केन्द्र पर पहुंचने वाली महिलाओं के आधार अपडेशन के कार्य को प्राथमिकता से करें।

उज्जैन जिले में संचालित आधार केन्द्रों की जानकारी तहसीलवार एवं शहरवार इस प्रकार है- जनपद पंचायत भवन महिदपुर, नगर निगम कार्यालय छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड, ग्राम पंचायत झारड़ा महिदपुर, सीनियर बालक छात्रावास माकड़ोन, नयापुरा माकड़ोन तराना, शासकीय सीनियर बालक छात्रावास रूपाखेड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उन्हेल नाग मंदिर चौक के सामने सिविल अस्पताल उन्हेल, ग्राम पंचायत भवन महिदपुर रोड, कृषि उपज मंडी थाने के पास नागदा, पुराना खाद्य विभाग कार्यालय कोठी पैलेस के पीछे उज्जैन, कार्यालय नगर निगम जोन 2 आगर रोड, शासकीय सीनियर बालक आश्रम ग्राम पानबिहार तहसील घटिया, पीडब्ल्यूडी ई/एम कार्यालय फ्रीगंज, पीडब्ल्यूडी ई/एम कार्यालय फ्रीगंज, पीडब्ल्यूडी कार्यालय बड़नगर तहसील परिसर, शासकीय सिविल अस्पताल बोहरा वार्ड उज्जैन, जनपद पंचायत भवन महिदपुर में केंद्र संचालित है।

इसी तरह पुरानी जनपद पंचायत कोर्ट के सामने महिदपुर, पुराना जनपद पंचायत भवन घट्टिया, ग्राम पंचायत भवन जनपद पंचायत परिसर घट्टिया, शासकीय चिकित्सालय तराना, शासकीय आईटीआई कॉलेज मक्सीभ रोड उज्जैन, जनपद पंचायत खाचरौद, कृषि उपज मंडी चिमनगंज आगर रोड उज्जैन, नगर निगम जोन 6 नानाखेड़ा उज्जैन, आबकारी विभाग रेलवे माल गोदाम के सामने उज्जैन, सिविल अस्पताल आगर रोड उज्जैन, शासकीय सीनियर छात्रावास तराना, शासकीय सिविल चिकित्सानलय डाबरी चौक बड़नगर, तहसील परिसर तराना उज्जैन, लोक सेवा केंद्र उज्जैन ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय कोठी महल उज्जैन, लोक सेवा तहसील कार्यालय महिदपुर, लोक सेवा तहसील झारड़ा, लोक सेवा तहसील कार्यालय बड़नगर, लोक सेवा तहसील कार्यालय महिदपुर, लोक सेवा तहसील घट्टिया, लोक सेवा, इंगोरिया तहसील बड़नगर, लोक सेवा नागदा में केंद्र संचालित है।

इसी तरह बैंक ऑफ बड़ौदा क्षीरसागर, बैंक ऑफ महाराष्ट्र फ़ाज़लपुरा, बीएसएनएल सीएससी देवासगेट, बीएसएनएल कार्यालय भारत पेट्रोल पंप के पास चोरवास रोड महिदपुर, बीएसएनएल ऑफिस तोबरीखेड़ा रोड के पास तराना, बीएसएनएल खाचरौद शुक्रवारिया बाजार खाचरौद, बीएसएनएल कार्यालय पोस्ट ऑफिस के पास बडनगर, बीएसएनएल कार्यालय महिदपुर, बीएसएनएल कार्यालय शिवपुरा चंबल मार्ग नागदा, बीएसएनएल कार्यालय चंबल मार्ग बीएसएनएल कार्यालय नागदा, बीएसएनएल कार्यालय दशहरा मैदान उज्जैन, बीएसएनएल कार्यालय बड़नगर, बीएसएनएल कार्यालय देवासगेट उज्जैन, बीएसएनएल कार्यालय टेलीफोन एक्सचेंज भरतपुरी उज्जैन, सीएससी भरतपुरी शाखा उज्जैन, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया वराह मिहिर मार्ग उज्जैन, सीएससी आधार यूसीएल सेंटर अंबिका कंप्यूटर वेद नगर उज्जैन, सीएससी आधार सेंटर एलआईजी इंदिरा नगर आगर रोड उज्जैन, सीएससी यूसीएल सेंटर मेन रोड चिरोला बड़नगर, सीएससी आधार सेंटर आक्याबजरंग महिदपुर रोड, यूसीएल सेंटर हजारी हनुमान मंदिर के सामने पंवासा मक्सीस रोड़ उज्जैन, सीएससी सेंटर एमआर ऑनलाइन भैरवगढ़ उज्जैन, सीएससी सेंटर बस स्टैंड कायथा, सीएससी सेंटर रोहलखुर्द नागदा, सीएससी सेंटर खरसोदकलां बड़नगर, सीएससी सेंटर, पीपलीनाका उज्जैन, सीएससी पाटीदार अस्पताल के पीछे उज्जैन, डीसीबी बैंक लिमिटेड बड़नगर, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक महावीर नगर उज्जैन, फेडरल बैंक वररुची मार्ग ए.के. बिल्डिंग चौराहा के पास, उज्जैन, एचडीएफसी बैंक, विश्वविद्यालय मार्ग उज्जैन, आईओ बैंक डाबरी पीठा नई सड़क उज्जैन, प्रधान डाकघर देवास गेट उज्जैन, डाकघर जिला एवं सत्र न्यायालय कोठी के पीछे उज्जैन,आधार सेवा केंद्र हाऊस क्रमांक 2 उज्जैन, पोस्टं ऑफिस देवासगेट उज्जैन, डाकघर नागदा, सिटी पोस्ट ऑफिस उज्जैन, पोस्टम ऑफिस बीजी भटेरा नागदा, पोस्ट ऑफिस आक्याजस्सा महिदपुर, पोस्टज ऑफिस अक्याजागीर खाचरौद, पोस्टा ऑफिस बलेड़ी बड़नगर, इंडसइंड बैंक राजकुमार होटल के पास उज्जैन, डाकघर खरसोदखुर्द बड़नगर, पोस्टस ऑफिस मडावदा खाचरौद, लोहाना आजंदा बड़नगर, पोस्ट ऑफिस चिरोलाकलां बनबनी बड़नगर, पोस्टि ऑफिस मालीखेड़ी घट्टिया, कारखाना उज्जैन, पोस्टो ऑफिस निनोरा उज्जैन, आधार सेवा केंद्र बपैया अहीरखेड़ा घट्टिया, पोस्टज ऑफिस बरखेड़ामांडन नागदा, पोस्टध ऑफिस पलदूना आजंदा बड़नगर, पोस्टह ऑफिस हरसोदन अमरपुरा घट्टिया, पोस्ट ऑफिस बेडावन नागदा, पोस्टस ऑफिस पिपलौदा द्वारकाधीश मालीखेड़ी तराना, पोस्ट ऑफिस बनबनी बड़नगर, पोस्ट ऑफिस खेड़ाखजुरिया महिदपुर, पोस्टय ऑफिस रातडिया घट्टिया, पोस्ट ऑफिस पासलोद बड़नगर, पोस्ट ऑफिस गजनीखेड़ी बड़नगर, पोस्ट ऑफिस जलोदिया आजंदा बड़नगर, पोस्टद ऑफिस बाड़कुम्मेद ताजपुर घट्टिया, पोस्ट ऑफिस बटलावदी खाचरौद, पोस्टो ऑफिस नरेलाकलां सुवासा बड़नगर, पीएनबी सुभाष नगर शाखा उज्जैन, एसबीआई बैंक नरवर उज्जैन, एसबीआई बैंक माधव नगर उज्जैन, एसबीआई एडीबी आधार केंद्र स्टेशन रोड खाचरौद, भारतीय स्टेट बैंक नई सड़क उज्जैन, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया महाकाल वाणिज्यिक केंद्र नानाखेड़ा उज्जैन, बेड़ावन रोड़ पीएचसी के पास उन्हेल, शासकीय चिकित्सारलय जूना सोमवरिया उज्जैन, उज्जैन शहरी नीलगंगा आंगनवाड़ी केंद्र नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के पास उज्जैन, सीएससी आधार जवाहर मार्ग शिव मंदिर के सामने नागदा।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा)